हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 31, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 22 जुलाई, 2022 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

मुर्मू का राष्ट्रपति बनना तय

दूसरे दौर की मतगणनना खत्म : द्रौपदी मुर्मू को अब तक 1349 वोट मिले, यशवंत सिन्हा को 537

नई दिल्ली। देश के 15वें राष्ट्रपति के नाम का इंतजार अब खत्म हो जाएगा। राष्ट्रपति चुनाव में दो राउंड के वोटों की गिनती पूरी हो गई है। इसमें सांसदों और पहले 10 स्टेट्स की वोटिंग शामिल हैं। दोनों को मिलाकर अब तक कुल 1886 वोटों की गिनती हो चुकी है, इसकी कुल वैल्यू 6 लाख 73 हजार 175 है। NDA उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को अब तक 1349 वोट मिले हैं, जिनकी कुल वैल्यू 4 लाख 83 हजार 299 है। वहीं विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को अब तक 537 वोट मिले हैं, जिनकी कुल वैल्यू 1 लाख 79 हजार 876 है। अभी बाकी राज्यों की गिनती जारी है। चुनाव अधिकारी के मुताबिक, दोपहर 2 बजे सांसदों के वोटो की गिनती पूरी हुई थी। इसमें द्रौपदी मुर्मू को 540 और यशवंत सिन्हा को 208 सांसदों का वोट मिला है। 15 वोट रद्द हो गए हैं। यानी अब तक की काउंटिंग के मुताबिक, सांसदों और 10 राज्यों से 1886 वोटों की गिनती पूरी हो चुकी है, जिनका वैल्यू 6 लाख 73 हजार 175 है। NDA उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का जीतना लगभग तय है। अगर ऐसा होता है तो वे देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति होंगी। इधर, काउंटिंग के बीच द्रौपदी मुर्मू के गांव में जश्न शुरू हो गया है। लोग ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के जरिए मुर्मू की जीत के आधिकारिक ऐलान का इंतजार कर रहे हैं। ओडिशा के रायरंगपुर में मुर्मू के गांव और ससुराल में लड्डू भी बनकर तैयार है।

25 को शपथ ग्रहण, भाजपा कार्यालय में जश्न की तैयारी– वोटों की गिनती खत्म होने के बाद देश के नए राष्ट्रपति की घोषणा कर दी जाएगी। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई की मध्य रात्रि को खत्म हो रहा है। 25 जुलाई को नए राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण होगा। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी काउंटिंग के बाद द्रौपदी मुर्मू से मिलने जाएंगे। इसके अलावा भाजपा कार्यालय में भी जश्न की तैयारी है। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे।

देशभर में जीत के बाद जुलूस निकालेगी भाजपा– मुर्मू की जीत को लेकर आश्वस्त भाजपा नतीजे आने के बाद दिल्ली में विजय जुलूस निकालेगी। ऐसा पहली बार होगा, जब राष्ट्रपति की जीत के बाद जुलूस निकाला जाएगा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा राजपथ तक इस जुलूस की अगुआई करेंगे। वहीं भाषण देंगे। पहली बार आदिवासी महिला के राष्ट्रपति चुने जाने का श्रेय ढट मोदी को देंगे। हालांकि जुलूस में मुर्मू शामिल नहीं होंगी।

मुर्मू की जीत से राजनीतिक मैसेज देने की तैयारी– द्रौपदी मुर्मू की जीत की घोषणा होते ही देशभर में जश्न शुरू हो जाएगा। मुर्मू की जीत से इखढ आदिवासी समुदाय सहित पूरे देश और खासतौर पर महिलाओं को खास संदेश देना चाहती है, ताकि मुख्य धारा से कटे इस समुदाय में राजनीतिक मैसेज जाए कि इखढ ही एक ऐसी पार्टी है जो सत्ता के लिए नहीं बल्कि देश के वंचित तबकों और वर्गों के लिए काम करती है। यही वजह है कि पार्टी कार्यकताओं को जीत के बाद पोस्टर में द्रौपदी मुर्मू के साथ किसी और नेता की तस्वीर न लगाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। माना जा रहा है कि पार्टी राष्ट्रपति चुनाव से ही 2024 में होने वाले आम चुनाव की तैयारी में जुट गई है।

इसलिए मुर्मू की जीत तय मानी जा रही– भाजपा ने 21 जून को मुर्मू को उम्मीदवार बनाया था, तब NDA के खाते में 5 लाख 63 हजार 825, यानी 52% वोट थे। 24 विपक्षी दलों के साथ होने पर सिन्हा के साथ 4 लाख 80 हजार 748 यानी 44% वोट माने जा रहे थे। बीते 27 दिन में कई गैर NDA दलों के समर्थन में आने से मुर्मू को निर्णायक बढ़त मिल गई। सभी 10 लाख 86 हजार 431 वोट पड़ने की स्थिति में मुर्मू को 6.67 लाख (61%) से अधिक वोट मिलेंगे,जबकि सिन्हा के वोट घटकर 4.19 लाख रह जाएंगे। जीत के लिए 5 लाख 40 हजार 065 वोट चाहिए।

यूपी सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कई अफसरों के तबादले निरस्त किए

लखनऊ। यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने तबादलों के खेल की आशंका पर मत्स्य विकास विभाग के अफसरों के तबादले निरस्त कर दिए हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ अफसरों को स्वास्थ्य संबंधी मुश्किलें थीं जिससे यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार में कुछ अधिकारी पंजे, हाथी और साइकिल वाले मौजूद हैं। ऐसे लोगों को समय-समय पर चिह्नित किया जाता है। इससे जनप्रतिनिधियों को मुश्किल होती है। डॉ. निषाद ने कहा कि हमारे विभाग में तबादले ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार ही किए जा रहे हैं। यूपी सरकार पहले स्वास्थ्य विभाग फिर लोक निर्माण विभाग और फिर जलशक्ति विभाग में तबादलों में हुए भ्रष्टाचार को लेकर सवालों को घेरे में है। ऐसे में मत्स्य विकास विभाग में इस निर्णय को इसी कड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है। प्रदेश सरकार के जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बुधवार को राज्यपाल को इस्तीफा भेज दिया। उनके गृहमंत्री अमित शाह को भेजे गए पत्र में हुए खुलासों से राज्य सरकार पर सवाल उठ रहे हैं।

सोनिया से ईडी की पूछताछ पूरी कांग्रेस नेताओं ने किया उग्र प्रदर्शन

नई दिल्ली। सोनिया गांधी से 21 जुलाई को दो घंटे से कम की पूछताछ के बाद इंटेरोगेशन का पहला दिन पूरा हो गया है। स्वास्थ्य कारणों के चलते उनसे आज दोबारा पूछताछ नहीं की जाएगी। बताया जा रहा है कि 25 जुलाई को उनसे दोबारा पूछताछ हो सकती है। फिलहाल ईडी ने कोई नया समन जारी नहीं किया है। उधर, पूछताछ के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने सड़क पर उग्र प्रदर्शन किया। मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर सहित कांग्रेस के 75 सांसदों को पुलिस ने हिरासत में लिया। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी नेशनल हेराल्ड केस में पूछताछ के लिए सुबह के वक्त ईडी के दफ्तर पहुंची थी। उनके साथ उनकी बेटी और कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी भी पहुंची थी। सोनिया गांधी अपने साथ दवाएं लेकर गई थीं। पूछताछ के दौरान प्रियंका और सोनिया गांधी एक ही कमरे में मौजूद थीं।

25 जुलाई को फिर से बुलाया, प्रियंका गांधी संग निकलीं बाहर

मोनिका शर्मा के पास पूछताछ की कमान– सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी से पूछताछ की कमान महिला अफसर मोनिका शर्मा को सौंपी गई है। वह ईडी में अडिशनल डायरेक्टर के पद पर हैं। 75 वर्षीय सोनिया गांधी के स्वास्थ्य को देखते हुए दफ्तर में एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई थी। सोनिया गांधी के स्वास्थ्य कारणों के चलते प्रियंका गांधी को भी दफ्तर में रहने की इजाजत दी गई थी।

सोनिया गांधी की रिक्वेस्ट पर मानी ईडी– ईडी सूत्रों का कहना है कि करीब दो घंटे की पूछताछ के बाद ईडी के अधिकारियों ने सोनिया गांधी से कहा कि क्या वे थोड़ा ब्रेक लेना चाहती हैं। जवाब में सोनिया गांधी ने कहा कि हां वो लंच करना चाहती हैं। फिर सोनिया गांधी की तरफ से कहा गया कि क्या आज की पूछताछ जल्दी पूरी की जा सकती है। इस पर ईडी के अधिकारी मान गए। हालांकि ईडी के अधिकारियों ने सोनिया गांधी से कहा कि उन्हें 25 जुलाई को फिर से बुलाया जा सकता है। इसके बाद सोनिया गांधी प्रियंका के साथ ईडी दफ्तर से अपने घर के लिए रवाना हो गई।

ट्रेनें रोकी, सड़क पर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन– नेशनल हेराल्ड केस में ईडी द्वारा सोनिया गांधी से पूछताछ के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने सड़क पर उग्र प्रदर्शन किया। मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर सहित कांग्रेस के 75 सांसदों को पुलिस ने हिरासत में लिया। कांग्रेस के 6 कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स हैं कि दिल्ली में कार्यकर्ताओं ने शिवाजी ब्रिज में तीन ट्रेनें रोकी।

एक ही परिवार को निशाना बनाना गलत– कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा कि एक ही परिवार के दो सदस्यों को बार-बार तलब करना गलत है, वह भी एक ही मामले में। जहां तक लोगों की गिरफ्तारी का सवाल है, ऐसा नहीं है कि उन्होंने कानून-व्यवस्था की स्थिति को बाधित किया है।

यूपी, बिहार, उत्तराखंड के कई जिलों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात है। उत्तर भारत के कई राज्यों में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार में कई जगह भारी बारिश हो सकती है। जबकि उत्तराखंड और महाराष्ट्र में अगले 3 दिन के लिए भारी बारिश का अलर्ट है। वहीं महाराष्ट्र और गुजरात में मूसलाधार बारिश से भारी नुकसान की खबर है। इसके अलावा ओडिशा, असम, तेलंगाना जैसे राज्यों में भी बारिश का कहर देखने को मिला है। लगातार हो रही बारिश की वजह से पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। हाल के दिनों में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर में चट्टानें खिसकने की खबरें भी सामने आई हैं। जिसके चलते आवाजाही भी प्रभावित हुई है। इस बीच मौसम विभाग ने उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने राजस्थान के 23 जिलों में गुरुवार को तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान में अगले 24 घंटे में उदयपुर संभाग के बांसवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद जिलों सहित प्रदेश के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनू, सीकर, बीकानेर, चुरू, अलवर, जयपुर, भरतपुर, दौसा, टोंक, बूंदी हित 23 जिलों में तेज बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। बताया गया कि मानसून टर्फ लाइन के उत्तर की ओर शिफ्ट होने से राज्य के पश्चिमी और दक्षिणी भागों में बारिश में अगले दो दिन के दौरान बारिश में कमी होगी, जबकि उत्तरी व पूर्वी भागों में बारिश का दौर जारी रहेगा।

हरियाणा के नूंह में डीएसपी को डंपर से कुचलने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

नई दिल्ली। हरियाणा के नूंह में डीएसपी को डंपर से कुचलने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर सुनवाई करने को सहमत हो गई है। कोर्ट में दायर याचिका में हरियाणा सरकार से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगने की भी गुहार लगाई गई है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने अरावली क्षेत्र में खनन पर रोक लगाई है। कोर्ट खुद इसकी निगरानी भी कर रहा है। मामले के एमिक्स क्यूरी एडीएन राव ने नूंह के मामले को जस्टिस ए एम खानविलकर की बेंच के सामने उठाया। बता दें कि मंगलवार को खनन माफिया ने दुस्साहस दिखाते हुए नूंह जिले में ट्रक से कुचलकर पुलिस अधिकारी सुरेंद्र सिंह की हत्या कर दी थी। वह अवैध पत्थर खनन की जांच कर रहे थे। उन्होंने एक ट्रक को रुकने का संकेत दिया, लेकिन ड्राइवर ने डीएसपी को ही कुचल दिया। आज यानी गुरुवार को हिसार जिले के सारंगपुर गांव में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सुरेंद्र सिंह का बेटा इस समय कनाडा में पढ़ाई कर रहा है और वह कल रात ही भारत पहुंचा है। सुरेंद्र सिंह के बड़े भाई माखन सिंह हिसार के एक सरकारी कॉलेज के रिटायर्ड प्रिंसिपल हैं।

ट्रक ड्राइवर को भरतपुर से किया गया गिरफ्तार– इससे पहले नूंह पुलिस ने डीएसपी को कुचलने वाले ट्रक ड्राइवर को बुधवार को राजस्थान के भरतपुर जिले से गिरफ्तार कर लिया था। मामले के मुख्य आरोपी का नाम शब्बीर उर्फ मित्तर है, जिसे भरतपुर के पहाड़ी थाना क्षेत्र से पकड़ा गया है। एक दूसरे आरोपी इक्कर से पूछताछ के बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि शब्बीर की उम्र करीब 30 साल है और वह पचगांव का रहने वाला है। पकड़े जाने के डर से वह रिश्तेदारों के यहां भाग आया था। उसके साथियों की भी पुलिस को तलाश है।

सुप्रीम कोर्ट ने शिवलिंग की पूजा की इजाजत देने से किया इनकार, जिला कोर्ट जाने को कहा

नई दिल्ली। बनारस के काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में आज पूजा के अधिकार को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह वाराणसी की जिला कोर्ट में जाएं, हमने मामला वहां ट्रांसफर कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को शिवलिंग की पूजा की इजाजत देने और उसकी कार्बन डेटिंग की मांग को भी सुनने से इनकार कर दिया।

याचिकाकर्ता राजेश मणि त्रिपाठी ने शिवलिंग की पूजा की अनुमति मांगी थी। उनके वकील ने शीर्ष कोर्ट से कहा कि हम पूजा की अनुमति मांग रहे हैं। मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, और जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस नरसिम्हा की पीठ ने की। जस्टिस चंद्रचूड़ ने सुनवाई के दौरान कहा कि हमारे पिछले आदेश के बाद अभी वाराणसी जिला जज की कोर्ट में मेंटेनिबिलिटी पर सुनवाई जारी है। उसी के आदेश पर आगे की कार्रवाई निर्भर करेगी।

सुप्रीम कोर्ट में यूं हुई जिरह

याचिकाकता : हम शिवलिंग की पूजा की अनुमति मांग रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट : जब निचली अदालत में सुनवाई लंबित है, तो आप सीधे सुप्रीम कोर्ट में याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? सिविल केस की सुनवाई की एक प्रक्रिया होती है। बेहतर है आप याचिका वापस ले लें।

वकील हरिशंकर जैनः श्रद्धालु महिलाओं की तरफ से जैन ने शिवलिंग के कार्बन डेटिंग की मांग रखी।

जस्टिस चंद्रचूड़- आप अनुभवी वकील हैं। आप जानते हैं कि इस तरह सीधे सुनवाई नहीं हो सकती। यह बातें निचली अदालत में रखिए। जिसे जो भी कहना है, वाराणसी के जिला जज की कोर्ट में कहे।

हरिशंकर जैन : याचिका वापस लेने की अनुमति दे दीजिए, कोर्ट ने यह दे दी।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी विवाद की सुनवाई अक्तूबर के पहले हफ्ते तक के लिए टाल दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह तब तक इंतजार करेगी कि अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका पर जिला कोर्ट क्या फैसला लेती है।

गर्भवती को ट्रक ने कुचला, मौत, बच्ची जिंदा, सदमे में चाचा ने भी गंवाई जान

टूंडला, फिरोजाबाद। यूपी के फिरोजाबाद में दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। एक गर्भवती महिला के ऊपर से ट्रक गुजर गया। हादसे में महिला का पेट फट गया। उसके गर्भ में पल रही बच्ची 5 फीट दूर सड़क पर जा गिरी। जिसने भी ये हादसा देखा, उसकी रूह कांप गई। महिला के शरीर के टुकड़े हो गए। लोगों ने पास जाकर देखा तो बच्ची सही-सलामत थी। गर्भवती महिला पति के साथ अपने मायके जा रही थी। हादसे के बाद पति रामू ने कहा कि मेरे आंखों के सामने ट्रक कामिनी के ऊपर से निकल गया। पत्नी तड़प-तड़प कर मर गई। उसके शरीर में कुछ नहीं बचा था। वहीं, दूर जाकर गिरी मेरी बच्ची रो रही थी। उधर, महिला की मौत की खबर पाकर उसके चाचा कालीचरण की हार्ट अटैक से मौत हो गई। चाचा को कैंसर भी था। महिला और उसके चाचा का बुधवार शाम को अंतिम संस्कार कर दिया गया। आगरा जिले के धनौला का रहने वाला रामू बुधवार को पत्नी कामिनी के साथ बाइक से ससुराल जा रहा था। उसकी ससुराल फिरोजाबाद के नारखी थाना क्षेत्र स्थित वजीरपुर कोटला में है। उसने बताया, 'पत्नी 9 माह की प्रेग्नेंट थी। उसने मुझसे बुधवार सुबह बोला कि मायके घुमा लाइए। मायके वालों की याद आ रही है। बच्चा होने के बाद 4 महीने तक नहीं जा पाऊंगी। रामू ने बताया, "मैं पत्नी को बाइक से लेकर घर से 9 बजे निकला। घर से ससुराल की दूरी 40 किलोमीटर होगी। कुछ देर चलने के बाद कामिनी ने चाय के लिए बोला। हम लोगों ने ढाबे पर चाय पी। उसके बाद मुश्किल से 5 किलोमीटर आगे बढ़े होंगे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कामिनी बाइक से गिर गई।" रामू ने बताया, "हादसे के बाद मेरे होश उड़ गए। मैं अपनी पत्नी को देख रहा था। तब उधर से गुजर रहे लोगों ने मेरी बच्ची को उठाया। मैं उसे लेकर वहीं बैठा था। तब कुछ भले लोग उसे लेकर जिला अस्पताल गए। एंबुलेंस आने के बाद मैं पत्नी के शव के साथ अस्पताल पहुंचा।

सीएम योगी ने सरकारी कर्मियों को दिया कैशलेस इलाज का तोहफा बोले : सरकार आपकी चिंता करती है, आप जनता की फिक्र करें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 22 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों के साथ ही पेंशनर्स को गुरुवार को कैशलेस इलाज का तोहफा दिया है। लोकभवन में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत 22 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों को कार्ड प्रदान करने की योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र भी थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लोक भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया। लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने दस कर्मियों और सेवानिवृत्त कर्मियों को राज्य हेल्थ कार्ड वितरित किए। इस योजना से 22 लाख राज्य कर्मचारी, रिटायर कर्मचारी और उनके आश्रितों सहित 75 लाख लोगों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि हम राज्य कर्मचारियों की पूरी चिंता करते हैं और कर्मियों को चाहिए कि वह जनता की फिक्र करें। हमने कर्मचारियों की वर्षो पुरानी मांग पूरी की है। कोरोना काल में मेरे सामने कर्मियों की संख्या में कटौती का प्रस्ताव आया था। कुछ राज्यों ने ऐसा किया भी है लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने न तो कर्मचारियों की संख्या कम की और न ही उनके वेतन आदि में कोई कटौती की। लगातार सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। अब आप बेफिक्र होकर अपना इलाज करवा सकते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टीम वर्क में काम किया जाए तो उसके अच्छे परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों को भी इस अवसर पर आज ही हेल्थ कार्ड दिया जाता तो अच्छा रहता। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कैशलेस चिकित्सा कार्ड की मांग लंबे समय से थी। आयुष्मान भारत योजना में अन्त्योदय कार्ड धारकों को पांच लाख तक का चिकित्सा बीमा कवर दिया जा रहा है। राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी सरकारी और इम्पैनल्ड अस्पतालों में कैशलेस चिकित्सा के लिए स्टेटहेल्थ कार्ड देने का निर्णय लिया गया है। यूपी देश का पहला राज्य जिसने कर्मचारियों को यह सुविधा दी। राज्य कर्मचारियों को हम परिवार का अंग मानते हैं। कर्मचारियों को भी चाहिए कि वह जनता के हित के कार्य पूरे मनोयोग से करें। जो भी कर्मचारी कार्य में समस्या बढाते हैं वह तो रिटायर्मेंट के बाद वह खुद समस्या में रहते हैं। अच्छा कार्य करने वालों को लोग रिटायर्मेंट के बाद भी लंबे समय तक याद रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। कोरोना काल में भी कर्मचारियों के हितों को प्रभावित नहीं होने दिया। समय से वेतन - पेंशन दिया गया। हम सब मिलकर राज्य की व्यवस्था को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाएगा ताकि यूपी आने वाले समय में देश का नंबर एक का अर्थव्यवस्था का राज्य बने।

एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू की विजय तय होते ही भाजपाइयों ने बाटी मिठाई

प्रखर रामनगर वाराणसी। राष्ट्रपति पद पर एनडीए उम्मीदवार द्रोपति मुर्मू के विजय निश्चित होने की खबर सुनते ही रामनगर भाजपा के कार्यकताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई और पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी श्री संतोष द्विवेदी जी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने लोगों में मिठाइयां बांटी। श्री संतोष द्विवेदी ने कहा द्रौपदी मुर्मू की विजय भारतीय जनता पार्टी के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की परिकल्पना का परिणाम है समाज का अंतिम व्यक्ति भी वर्तमान परिवेश में किसी भी पद पर पहुंच सकता है। श्री सृजन श्रीवास्तव ने हां कि भाजपा के विचारों की है विजय है जो राष्ट्र को एक सूत्र में बांधेगी। इसमें श्री संतोष द्विवेदी सृजन श्रीवास्तव कुलदीप सेठ जय सिंह चौहान ऋषभ सिन्हा गोविंद मौर्य त्रिशाल पाठक प्रीतम अग्रहरी अनुराग बच्चा आदर्श श्रीवास्तव भरत रोहित मोहित आदि उपस्थित थे।

संपादकीय

मुठभेड़ का मोर्चा

पंजाब में मशहूर गायक से अभिनेता और राजनेता बने सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल कई आरोपियों को तो गिरफ्तार कर लिया गया था, मगर दो अन्य मुख्य अपराधी फरार चल रहे थे। बुधवार को अटारी सीमा के पास एक गांव में खबर मिलने पर जब पुलिस ने धावा बोला तब कुछ अपराधियों के साथ उसकी मुठभेड़ हुई, जिसमें चार अपराधी निशानेबाज मारे गए। मुठभेड़ का अहम पहलू यह है कि मारे गए चार अपराधियों में दो वे हैं, जो मूसेवाला की हत्या में भी शामिल थे। इस घटना में तीन पुलिसकर्मी और तीन आम नागरिक घायल हो गए। साथ ही एक पत्रकार को भी गोली लग गई। जाहिर है, प्रथम दृष्टया यह ऐसी घटना लगती है, जिसमें पुलिस की कुछ आपराधिक तत्त्वों से मुठभेड़ हुई और उसमें कुछ अपराधी मारे गए। लेकिन सिद्धू मूसेवाला की हत्या को लेकर समूचे पंजाब में और बाहर भी जैसी प्रतिक्रिया आई थी, उसके मद्देनजर यह घटना अपने में काफी महत्त्वपूर्ण है। माना जा रहा है कि मूसेवाला की हत्या एक सुनियोजित घटना थी और उसके तार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ गिरोहों से जुड़े हो सकते हैं। इसलिए हत्यारों की गिरफ्तारी कुछ अहम राज खोल सकते हैं। हालांकि मूसेवाला पर हमला करने वालों में से कई गिरफ्तार हो चुके हैं और इस मामले की तह तक पहुंचने में पुलिस को मदद मिल सकती है, मगर संभव है कि फरार अपराधियों के पास भी कुछ ऐसी जानकारी रही हो, जिससे इस घटना के अन्य पहलुओं का खुलासा होता। इसके बावजूद यह कहा जा सकता है कि फरार अपराधियों तक पहुंचने में पुलिस को कामयाबी मिली। खबरों के मुताबिक, घेरे जाने के बाद अपराधियों को समर्पण करने को कहा गया था, मगर उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी थी। लिहाजा पुलिस के पास जवाबी कार्रवाई करने के अलावा शायद कोई चारा नहीं बचा था। इस वाकये के बाद भी संभव है कि पुलिस को मूसेवाला की हत्या की घटना के पीछे की योजना का पूरा ब्योरा सामने लाने में कामयाबी मिल जाए, मगर ऐसी घटनाएं इस बात का भी संकेत हैं कि क्या पंजाब में स्थानीय स्तर के अपराधियों और जानलेवा हथियारों का जाल फिर से फैल रहा है। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी कनाडा में बैठे अपराधी गोल्डी बराड़ ने ली थी और वह एक अन्य अपराधी लारेंस बिश्नोई गिरोह का करीबी था। जाहिर है, पंजाब के कुछ आपराधिक गिरोहों का जाल संभवतः कनाडा या अन्य देशों में बैठे बड़े अपराधियों तक भी फैला है या फिर वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के अपराधी समूहों के साथ मिल कर काम करते हैं। निश्चित तौर पर पंजाब पुलिस के लिए यह ज्यादा बड़ी चुनौती है, बनिस्बत इसके कि वह स्थानीय स्तर पर हुई किसी आपराधिक घटना की पड़ताल करके खुलासा करती है। यों भी पंजाब के अतीत को देखते हुए सरकार और पुलिस के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतना जरूरी है। एक दौर में पंजाब आतंकवाद की आग में झुलस रहा था और वहां से आज एक सहज लोकतंत्र के दौर तक आने में उसे काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। मगर पिछले कुछ दशकों के दौरान पंजाब में शराब या सेहत के अलावा अपराध के मोर्चे पर जो कुछ जटिल समस्याएं खड़ी हुई हैं, वह पंजाब के विकास के लिए एक बड़ी बाधा है। पंजाब की नई आम आदमी पार्टी की सरकार ने समस्याओं से छुटकारा दिलाने का वादा जरूर किया था, लेकिन इसके लिए बढ़-चढ़ कर दावे करने से ज्यादा जरूरत राजनीतिक इच्छाशक्ति और ईमानदारी की है।

रेल का किराया !

खत्म हो गई छूट ।
है सबको बताया ।।
हो रही है चर्चा ।
रेल का किराया ।।
बढ़ रहा था बोझ ।
फायदे में आना ।।
ना मिलेगी राहत ।
सही समय पहचाना ।।
ना रहा आनंद ।
है होना मायूस ।।
सोच समझकर फैसला ।
था हुआ महसूस ।।
ना चिंता की बात ।
और देंगे ध्यान ।।
रहेगी पर बरकरार ।
मिलता जो सम्मान ।।

–कृष्णेन्द्र राय

प्रदूषण से गहराता संकट

दिल्ली में वायु प्रदूषण का बड़ा कारण मुख्य रूप से वाहनों से निकलने वाला धुआं है। हालात इतने गंभीर हैं कि हर आयु वर्ग का व्यक्ति, यहां तक कि छोटे बच्चे भी इस वायु प्रदूषण के कारण गंभीर रोगों का शिकार हो रहे हैं। सर्दी के मौसम की शुरूआत में यह स्थिति और विकराल हो जाती है। देश में प्रदूषण की समस्या गंभीर होती जा रही है। वैसे तो प्रदूषण के कई प्रकार हैं। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, खाद्यान्न में प्रदूषण आदि। लेकिन धुआं, धूल और ध्वनि से होने वाला प्रदूषण जिस तरह तेजी से खतरनाक रूप ले चुका है, वह बेहद चिंताजनक है। कुछ समय पहले अमेरिका के शिकागो विश्वविद्यालय में वायु गुणवत्ता पर किए गए एक अध्ययन एअर क्वालिटी इंडेक्स में यह सामने आया कि बांग्लादेश के बाद भारत दूसरा सबसे प्रदूषित देश है। भारत की नब्बे फीसद से ज्यादा आबादी प्रदूषित वायु में सांस ले रही है। इनमें से भी तिरसठ फीसद लोग (लगभग सत्तर करोड़) तकनीकी रूप से बेहद खतरनाक वायु प्रदूषण का शिकार हैं। इसका प्रभाव यह हुआ है कि भारतीयों की औसत उम्र पांच वर्ष कम हो गई है। उत्तर भारत में तो औसत उम्र साढ़े सात वर्ष कम हुई है। और देश की राजधानी दिल्ली के लोगों की औसत आयु दस साल कम हुई है।

इतना ही नहीं, इस अध्ययन में यह भी कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर प्रदूषण बढ़ाने में भारत का योगदान चौवालीस फीसद रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार हवा में सूक्ष्म कणों की मात्रा (पीएम) ढाई से लेकर पांच माइक्रोग्राम के बीच होनी चाहिए, परंतु भारत के ज्यादातर इलाकों में वर्ष 2020 में यह मात्रा 76.2 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर रही। यानी अधिकतम निर्धारित सीमा से पंद्रह गुना ज्यादा। अनेक अध्ययनों ने पराली जलने से वायु प्रदूषण होने के आरोपों का खंडन किया है और बताया है कि कुल वायु प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी बमुश्किल चार फीसद है, जबकि गाड़ियों के धुएं का प्रदूषण साठ फीसद से अधिक है। यहां तक कि कारखानों के प्रदूषण से भी ज्यादा है। गौरतलब है कि लगभग चालीस-पचास साल पहले कारखानों के धुएं का प्रदूषण सर्वाधिक होता था। मुंबई के चेंबूर इलाके को कारखानों के धुएं की वजह से गैस चैंबर कहा जाने लगा था। कोयला अंचलों में और सीमेंट फैक्ट्री व चूने के काम वाले इलाकों में कोयले व धूल के जो कण निकलते हैं, उनका प्रभाव इतना अधिक है कि घरों के ऊपर और खेतों की जमीन के पर कोयले की काली परत, सीमेंट या एस्बेस्टस के इलाकों में चूने की सफेद परत और इसी प्रकार ताप बिजलीघरों के आसपास जमीन, मिट्टी, घर और यहां तक कि इंसान भी भूरे रंग से रंग जाते हैं। छत्तीसगढ़ की हसदेव आदि नदियों का तो ताप बिजलीघरों से निकलने वाली राख से पानी का रंग सफेद होकर दूध जैसा हो जाता है। रायगढ़ जिला जो स्पंज आयरन और इस्पात उत्पादन का प्रमुख केंद्र है, वहां धूल, धुआं और राक्षसी गति से दौड़ते डंपरों से आम आदमी की जान हमेशा खतरे में बनी रहती है। इसीलिए विकास के इन रूपों पर भी सवाल तो खड़े होते हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण का बड़ा कारण मुख्यतः वाहनों से निकलने वाला धुआं है। हालात इतने गंभीर हैं कि हर आयु वर्ग का व्यक्ति यहां तक कि छोटे बच्चे भी इस वायु प्रदूषण के कारण गंभीर रोगों का शिकार हो रहे हैं। सर्दियों की शुरूआत में यह स्थिति और विकराल हो जाती है। जब यह मुद्दा शासन तंत्र के समक्ष उठता है और गंभीर रूप धारण करता दिखता है तो फिर सत्ता के केंद्र कुछ बातचीत और दिखावटी उपाय शुरू कर देते हैं, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में बढ़ता कोई नहीं दिखता। जब दिल्ली का धुआं सीमाओं को पार करने लगता है और श्रेष्ठीवर्ग और उनके परिवारों को प्रभावित करने लगता है, तब सत्ता तंत्र को यह चिंता जायज लगने लगती है। आज दिल्ली में एक करोड़ से ज्यादा वाहन हैं। एक ही परिवार में कई गाड़ियां रखने के चलन से यह समस्या ज्यादा बढ़ी है। जाहिर है, संपन्न तबका अपने हित और सुविधा को पहले देख रहा है। सवाल है ऐसे में सरकार क्या कर सकती है? व्यावहारिक दृष्टि से ऐसे क्या कदम उठाए जा सकते हैं जो वायु प्रदूषण पर नियंत्रण पाने में मददगार साबित हो सकें? हालांकि दिल्ली में इस समस्या से निजात पाने के लिए यातायात की सम-विषम व्यवस्था शुरू की गई थी।

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जनपद में हर्षोल्लास के साथ समारोह की तरह मनाया जायेगा

प्रखर गोरखपुर। आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के रूप में मनाये जाने हेतु अपर जिलाधिकारी प्रशासन पुरूषोत्तम दास गुप्ता की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई जिसमें उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी निर्धारित समयानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि 15 अगस्त की पूर्व संध्या अर्थात 14 अगस्त को सभी सरकारी भवनों पर प्रकाश से सजावट करें तथा जिस विभाग के भवन की सजावट अच्छी होगी उसे पुरस्कृत भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के झण्डे पूर्णतया प्रतिबंधित है। कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रातः 6.30 बजे प्रभातफेरी, प्रातः, प्रातः 7 बजे सभी तहसीलों एवं मुख्यालय पर लगे महापुरूषों की मूर्तियों की सफाई तथा पुष्पार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रातः 8 बजे समस्त सरकारी गैर सरकारी इमारतों एंव शैक्षिक संस्थाओं में राष्ट्रीय ध्वजारोहण तथा झण्डा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता अखण्डता, सामाजिक समरसता तथा साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को बलवति बनाने पर जोर दिया जाये। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि प्रातः 9 बजे शहीद स्मारक चौरी चौरा एवं सहजनवा क्षेत्र अन्तर्गत डोहरिया खास में शहीदों की स्मृति में शहीद स्थल पर माल्यार्पण किया जायेगा तथा प्रातः 9 बजे ही वृक्षारोपण का भी कार्यक्रम आहूत है। जिला परिषद हाल में 9.30 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पूर्वान्ह 11.30 बजे से 3 मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। दोपहर 12 बजे विभिन्न स्वंय सेवी संस्थाओं द्वारा जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, प्रोबेशन होम, जिला जेल, कुष्ठ सेवाश्रम आदि के लिए फल मिष्ठान आदि का वितरण किया जायेगा, 12 बजे से अपरान्ह 2.30 बजे तक रूटमार्च झांकियां निकाली जायेगी, टोलियों एंव झांकियों को पुरस्कार वितरित किया जायेगा। अपरान्ह 2 बजे नगर निगम में जनसभा का आयोजन एंव वयोवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान होगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संत्राम सेनानियों का प्रापर सम्मान होना चाहिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि नगर के प्रमुख स्थानों एंव तहसील/ब्लाक पर राष्ट्रभक्ति के गीतों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान किया जाये। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर शासन के निदेर्शानुसार 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाये तथा उक्त अवधि में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित किये जाये। बैठक का संचालन नगर मजिस्ट्रेट अंजनी कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/आश्रित तथा विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

भरोसे का ज्ञान

एक टीवी चैनल पर चलने वाले कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम के एक विज्ञापन में अमिताभ बच्चन एक महिला से पूछते हैं- इनमें से किस चीज में जीपीएस तकनीक लगी हुई है। महिला जवाब देती है- दो हजार के नोट में। जबाब सुन कर अमिताभ बच्चन कहते हैं कि आपका उत्तर गलत है। वह महिला कहती है कि यह मैंने टीवी पर दिखाई गई एक खबर में सुना है, तब अमिताभ कहते हैं कि ज्ञान जहां से भी मिले बटोर लीजिए, लेकिन पहले जरा टटोल लीजिए।

इस विज्ञापन को देख कर फिल्म एक डाक्टर की मौत के कुछ दृश्यों की याद आई। इस फिल्म में अभिनेता पंकज कपूर एक डाक्टर की भूमिका में होते हैं जो कुछ नया करना चाहते हैं। कुष्ठरोग पर अपने शोध के दौरान उनकी मुलाकात अपने शिष्य इरफान खान होती हैं। इरफान ने इस फिल्म में विज्ञान पत्रकार की भूमिका निभाई है। इरफान खान को विज्ञान पत्रकार के रूप में देखकर पंकज कपूर उनसे सवाल करते हैं कि तुम खगोल विज्ञान में काफी अच्छे रहे हो और तुमने तो इस विज्ञान में पीएचडी भी की है। इस लिहाज से तुम्हें तो वैज्ञानिक होना चाहिए था। इस पर इरफान खान कहते हैं कि अगर मैं वैज्ञानिक हो जाता तो विज्ञान की जानकारी लोगों तक कौन पहुंचाता और आपके शोध की बात आम लोगों तक कैसे पहुंचती! दरअसल, कोई भी जानकारी सही और तथ्यपरक है या नहीं, यह बताने वाले की योग्यता पर निर्भर करता है। यह बिल्कुल सही है कि सूचना बांटने वाले को विषय से संबंधित चीजों का ज्ञान होना चाहिए। एक डाक्टर की मौत फिल्म में इरफान खान के जवाब को वर्तमान संदर्भों में समझने की जरूरत है। पिछले कुछ सालों से जलवायु परिवर्तन को लेकर दुनिया भर में हर जगह चर्चा हो रही है। लेकिन इस पर जानकारी जनता के बीच पहुंचाने कि जिम्मेदारी जिन पर पर है, उनमें से ज्यादातर लोग किसी गैरजरूरी काम में व्यस्त हैं। विज्ञान से संबंधित सूचना आम लोगों को कैसे रोचक ढंग से दी जाए, यह बात वही पत्रकार समझ सकता है, जिसे विज्ञान की जानकारी भी हो और वह इसकी जनउपयोगिता और उसके महत्त्व को समझता हो। किसी भी वैज्ञानिक शोध की सार्थकता तभी है, जब उससे जुड़ी जानकारी जन-जन तक पहुंचे। भारतीय मीडिया के लिए विज्ञान महत्त्वपूर्ण विषय नहीं है। शहर में एक परिवार के एक बच्चे ने हाल ही में बारहवीं की परीक्षा दी। उसके पिताजी के मोबाइल पर ढेरों संदेश इस बात को लेकर आने लगे कि आप अपने बेटे को इंजीनियर बनाना चाहते हैं या डाक्टर! अगर विज्ञान पढ़ने वाले सारे अच्छे विधार्थी इंजीनियर या डाक्टर बन जाएंगे तो आगे विज्ञान पढ़ाने और विज्ञान से जुडी जानकारी देने वाले अच्छे लोग कहां से मिलेंगे। शायद इसीलिए टीवी पर प्रस्तुत कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम विज्ञापन में अमिताभ बच्चन मिलने वाली सूचना को टटोलने के बात कर रहे हैं। उनकी तरह शायद बहुतों को इस बात आभास हो गया है कि मुख्यधारा के प्रचार-माध्यमों और टीवी चैनलों में वैसे लोगों की भरमार है, जिन्हें अपने संबंधित विषय की सही-सही जानकारी नहीं है। इतिहास विषय को लेकर हमारे देश में काफी भ्रांतियां हैं । इतिहास सामाजिक विज्ञान विषय का अंग है, लेकिन हमारे यहां ज्यादातर शैक्षणिक संस्थानों में इतिहास विषय को केवल नौकरी पाने के लिए पढ़ा और पढ़ाया जाता हैं।

दुबई में यूपी का नाम रोशन करेंगी प्रसिद्ध कवयित्री चांदनी शबनम

प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। हिन्दुस्तान सहित दूसरे मुल्कों में अपनी शायरी व गजलों का जलवा बिखेरने वाली पड़ोसी जनपद अम्बेडकर नगर के जलालपुर की मशहूर शायरा चांदनी शबनम शुक्रवार को खाड़ी देश दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मुशायरे में यूपी का प्रतिनिधित्व करेंगी । खेतासराय इलाके में भी मुशायरे में शिरकत कर चुके शबनम के दर्शकों में खुशी का माहौल है । थोड़े समय मे अपनी शायरी से मुशायरे के मंचों की जरूरत बन चुकी चांदनी शबनम गुरुवार को दुबई के लिए रवाना हो गयी हैं, जिन की गजलों का दुबई के दर्शक लुत्फ उठाएंगे । एमएसके इवेंट्स के बैनर तले आयोजित कवि दरबार मुशायरे में चांदनी शबनम के अलावा भारत के फैज बाराबंकवी,विभा शुक्ला और नदीम अनवर जैसे नाम चीन शायर शिरकत करेंगे। इस के पूर्व गृह कस्बा जलालपुर का नाम देश में रौशन कर रही चांदनी शबनम को आस्ट्रेलिया में ऑनलाइन मुशायरे में सर्वश्रेष्ठ शायरा का खिताब भी मिल चुका है । उर्दू अदब के मैदान में जो नई नस्ले शायरी कर रहीं है उन में चांदनी शबनम से उर्दू साहित्यिक गलियारे को काफी उम्मीदें हैं।

सिर्फ भारतीय रुपया ही नहीं गिर रहा, अन्य देशों की मुद्राओं में भी गिरावट जारी है

विशेष रूप से कोरोना महामारी एवं रूस यूक्रेन युद्ध के बाद से अमेरिकी डॉलर की कीमत अन्य देशों की मुद्रा की कीमत की तुलना में अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है। एक अमेरिकी डॉलर आज लगभग 80 रुपए का हो गया है। इसका आशय यह है कि भारत सहित अन्य देशों की मुद्रा की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरती जा रही है। दरअसल अमेरिकी डॉलर की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाल ही के समय में बहुत बढ़ी है। एक तो, कच्चे तेल की कीमतें बहुत तेज गति से बढ़ी हैं और यह लगभग 130 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच कर अब लगभग 110 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं। प्रायः समस्त देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की खरीद का सामान्यतः अमेरिकी डॉलर में ही भुगतान करते हैं जिसके कारण अमेरिकी डॉलर की मांग भी बढ़ी है और जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की कीमत में भी वृद्धि दर्ज हुई है। दूसरे, अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में मुद्रास्फीति की दर 8 प्रतिशत के पार (अमेरिका में 9.1 प्रतिशत) पहुंच गई है जो कि इन देशों में पिछले 40-45 वर्षों में सबसे अधिक महंगाई की दर है। महंगाई पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से इन देशों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की जा रही है, जिसके कारण इन देशों द्वारा जारी किए जाने वाले बांड्स पर प्रतिफल बहुत आकर्षित हो रहे हैं एवं विदेशी निवेशक विकासशील देशों के शेयर बाजार से अपना निवेश निकाल कर अमेरिकी बांड्स में अपना निवेश बढ़ाते जा रहे हैं। जिन विकासशील देशों से डॉलर का निवेश निकाला जा रहा है उन देशों के विदेशी मुद्रा के भंडार कम होते जा रहे हैं जिससे उनकी अपनी मुद्रा पर दबाव आ रहा है और डॉलर की कीमत लगातार बढ़ती जा रही है।

भारतीय रुपए की कीमत भी कैलेंडर वर्ष 2022 में अभी तक अमेरिकी डॉलर की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत नीचे आ चुकी है। अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में लगातार हो रही ब्याज दरों में वृद्धि के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारत से पिछले 6 माह के दौरान लगभग 230,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि निकाली है। दूसरे, भारत पूरे विश्व में कच्चे तेल के सबसे बड़े आयातक देशों में शामिल है। भारत अपनी तेल खपत का लगभग 80 प्रतिशत से अधिक भाग आयात करता है। हाल ही के समय में भारत में आर्थिक गतिविधियों में आई तेजी के चलते कच्चे तेल की मांग बहुत तेजी से बढ़ी है। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम भी रिकॉर्ड 130 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए थे। अतः भारत को कच्चे तेल की कीमत चुकाने के लिए अमेरिकी डॉलर की जरूरत हुई है और इसकी मांग बढ़ने से अमेरिकी डॉलर की कीमत भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार बढ़ रही है।

केवल भारतीय रुपया ही नहीं बल्कि विश्व के लगभग सभी देशों की मुद्राओं की कीमत में कमी दृष्टिगोचर है। बल्कि अन्य देशों की मुद्राओं की कीमत भारतीय रुपए की तुलना में और अधिक तेजी से गिरी है। इस दृष्टि से भारतीय रुपए की कीमत अन्य देशों की मुद्राओं की तुलना में (अमेरिकी डॉलर को छोड़कर) बढ़ रही है। अभी हाल ही के समय में यूरो की कीमत गिरते गिरते अब अमेरिकी डॉलर की कीमत तक नीचे आ गई है। इसका मुख्य कारण भी निवेशकों द्वारा यूरोजोन से निवेश बाहर निकाल कर अमेरिका की ओर मुड़ते जाना है। वर्ष 2021 में एक यूरो की कीमत लगभग 90 रुपए थी जो अब लगभग 80 रुपए तक नीचे आ गई है। इस प्रकार यूरो की तुलना में रुपए की कीमत में सुधार हुआ है। इसी प्रकार, एक जापानी येन की कीमत वर्ष 2021 में 0.70 रुपए थी जो आज 0.58 रुपए हो गई है तथा एक पाउंड स्टर्लिंग की कीमत वर्ष 2021 में 101 रुपए थी जो अब घटकर 94 रुपए हो गई है एवं एक फ्रेंच फ्रैंक की कीमत वर्ष 2021 में 13.60 रुपए थी जो अब घटकर 12.2 रुपए हो गई है।

आइजीएल के बिजनेस हेड के मार्गदर्शन में आई चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

प्रखर गोरखपुर। गिडा औद्योगिक क्षेत्र में आज इंडिया ग्लाइकॉल्स लिमिटेड के परिसर में बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन व प्रेरणा से गोरखपुर शहर के प्रशिद्ध मित्तल आई हॉस्पिटल के आई कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि थानाध्यक्ष गीडा श्री राहुल कुमार सिंह थे तथा विशिष्ट अतिथि डॉ अमित मित्तल के साथ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने फीता काट कर शुभारंभ किया। ततपश्चात शिविर को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष महोदय ने आइंजीएल द्वारा लागातर जनकल्याणकारी अयोजनों के लिए बिजनेस हेड एस के शुक्ल को पुर्वांचल का देवदुत बताते हुए डॉ सुनील कुमार मिश्रा के जनसरोकारों से जुड़े कार्यों को निरन्तर दिल से करते रहने के जुनून को प्रेरणादायी बताते हुए इंडिया ग्लाइकॉल्स को सेवा का केन्द बताया। डॉ अमित मित्तल ने आईजीएल के सेवा भाव की तारीफ करते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये जा रहे उल्लेखनीय योगदानो की सराहना करते हुए डॉ सुनिल मिश्रा को धन्यवाद दिया।उक्त अवसर पर 200 से अधिक कर्मचारियों की आंखों की जांच हुई और जांच के आधार पर तकरीबन 20 लोगो को निःशुल्क चश्मे भी वितरीत किये गए। और इस शिविर में आये सभी मरीजो को उनके परीक्षण के आधार पर कई प्रकार के ड्राप और मेडिसिन भी उपलब्ध कराई गई।प्लांट मैनेजर एपी मिश्र द्वारा मित्तल आई हॉस्पिटल के डॉ अमित मित्तल को इस जनसेवा हेतु सादर धन्यवाद दिया गया और थाना अध्यक्ष महोदय द्वारा डॉ अमित मित्तल को गीता भेंटकर उन्हें जनपद का कोहिनूर बताया। डॉ मित्तल द्वारा थाने के फालोवर की पत्नी की आंख का निशुल्क इलाज करने की घोषणा भी किया गया तथा कहा गया कि किसी भी पुलिसकर्मी को कभी भी आंख में कोई दिक्कत हो तो आये उनका मुफ्त में उचित इलाज होगा।उक्त अवसर पर आईजीएल के उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम ,के एल चौहान, अखिलेश कुमार शुक्ला ,सुरेंद्र पूरी, शब्बीर अहमद के साथ थाना गीडा के कॉन्स्टेबल सहित श्रमिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों के प्रति आभार कम्पनी के डॉ के के सिंह जी ने व्यक्त किया।

स्टेशन पर क्यों लिखी होती है समुद्र तल से ऊंचाई

यात्रियों के लिए नहीं, पर ट्रेन के चालक व गार्ड को रहता है खास इशारा

नई दिल्ली। भारतीय रेल एशिया का दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क और एकल सरकारी स्वामित्व वाला विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। यहां रेलवे स्टेशनों की संख्या लगभग 8000 है। ये सारी बातें तो शायद आप जानते होंगे, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर रेलवे स्टेशनों के बोर्ड पर समुद्र तल की ऊंचाई क्यों लिखी होती है? स्टेशन बड़ा हो या छोटा, हर जगह आपको एक पीले रंग का बोर्ड दिखाई देगा। जिस पर शहर का नाम हिंदी, अंग्रेजी और कई बार उर्दू में लिखा दिख जाता है और स्टेशन के नाम के ठीक नीचे कुछ और भी लिखा रहता है। अगर आपने ध्यान दिया होगा तो आपको दिखा होगा कि इसी बोर्ड पर

स्टेशन की समुद्र तल से ऊंचाई का भी उल्लेख रहता है। दरअसल, ये दुनिया गोल है और इसे एक समान ऊंचाई पर नापने के लिए वैज्ञानिकों को किसी ऐसी बिंदु की जरूरत थी जो एक समान दिखे। लिहाजा इस मामले में समुद्र सबसे बेहतक विकल्प है, क्योंकि समुद्र का पानी एक समान रहता है। इसलिए लिखा जाता है समुद्र तल की ऊंचाई। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर रेलवे स्टेशनों पर इसको लिखने का क्या फायदा? तो चलिए बताते हैं... आपको बता दें कि रेलवे स्टेशनों पर समुद्र तल की ऊंचाई लिखने से यात्रियों को कोई फायदा नहीं होता। इसका फायदा ट्रेन के ड्राइवरों को होता है। मान लीजिए कि एक ट्रेन 100 मीटर समुद्र तल की ऊंचाई से 200 मीटर समुद्र तल की ऊंचाई पर जा रही है, तो ड्राइवर आसानी से यह निर्णय ले सकता है कि 100 मीटर की अधिक चढ़ाई चढ़ने के लिए उसे इंजन को कितना पावर देना होगा। अगर मान लीजिए कि ट्रेन नीचे की ओर जाएगी तो नीचे आते वक्त ड्राइवर को कितना ब्रेक लगाना पड़ेगा या कितनी स्पीड बनाए रखने की जरूरत पड़ेगी, ये सब जानने के लिए ही स्टेशनों पर समुद्र तल की ऊंचाई लिखी जाती है। इसके अलावा 'समुद्र तल की ऊंचाई' की मदद से ट्रेन के ऊपर लगे बिजली के तारों को एक समान ऊंचाई देने में भी मदद मिलती है, ताकि बिजली के तार ट्रेन के तारों से हर समय सटे रहें। रेलवे स्टेशनों पर समुद्र तल से ऊंचाई लिखने का ये भी एक फायदा है।

अंतरिक्ष में तैयार बीज से चीन में अनाज क्रांति!

गेहूं की एक नस्ल से उपज बढ़ाने में लगा चीन

बीजिंग। चीन में दूसरी सबसे अधिक उगाई जाने वाली गेहूं की किस्म लुयुआन 502 है, जो स्पेस म्यूटिजीनियसिस का इस्तेमाल करते हुए तैयार की गई थी। पहली नजर में, यह पूरी दुनिया में कहीं भी हवा में लहलहाती गेहूं की फसल जैसी दिखाई देती है. लेकिन पूर्वोत्तर चीन में फसलों के विशाल खेत में मौजूद ये कोई साधारण पौधे नहीं हैं। वे अंतरिक्ष में उगाए गए थे। यह गेहूं की एक किस्म है जिसे लुयुआन 502 कहा जाता है और यह चीन में दूसरी सबसे ज्यादा उगाई जाने वाली गेहूं की किस्म है। इन पौधों को बीजों से उगाया गया है जिन्हें पृथ्वी की सतह से 200 मील (340 किमी) ऊपर ऑर्बिट में तैयार किये गए हैं। अंतरिक्ष में और हमारे ग्रह की सुरक्षात्मक चुंबकीय ढाल के बाहर निम्न-गुरुत्वाकर्षण वातावरण में उन्होंने डीएनए में सूक्ष्म परिवर्तन किए, जिससे इन पौधों में नई विशेषताएं पैदा हुई, जिसने इन्हें सूखे को अधिक बर्दाश्त करने और कुछ बीमारियों के लिए अधिक प्रतिरोधी बना दिया है। ये उन महत्वपूर्ण फसलों की नई किस्मों का एक उदाहरण है, जो हमारे ग्रह की परिक्रमा करने वाले अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष स्टेशनों

पर उगाई जा रही है। दरअसल, वैज्ञानिकों को कुछ समय के लिए बीजों को अंतरिक्ष में भेजने से फसलों की नई किस्मों को विकसित करने में मदद मिलती है। ये फसलें एक अलग वातावरण में बहुत तेजी से विकसित होती हैं. और इस तरह दुनिया की बढ़ती हुई आबादी की भोजन संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद करती हैं। अंतरिक्ष में बीज भेजकर, चीनी वैज्ञानिक ऐसी मजबूत फसलें पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं जो पृथ्वी पर दोबारा बेहतर पैदावार दे सकती हैं। अंतरिक्ष में भेजे गए बीज माइक्रोग्रैविटी में रहते हैं। वहाँ वे बड़े पैमाने पर कॉस्मिक किरणों का सामना करते हैं, जो पौधों के विकास और परिवर्तन की क्रिया को बहुत ज्यादा गतिशील करते हैं. इस प्रक्रिया को स्पेस म्यूटेजेनेसिस के नाम से जाना जाता है। कुछ म्यूटेंट्स पौधों को बढ़ने के काबिल नहीं छोड़ते हैं, जबकि कुछ फायदेमंद हो सकते हैं. कुछ पौधे सख्त और अधिक बढ़ती हुई परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम हो जाते हैं, और एक पौधे से अधिक फल का उत्पादन होता हैं या ये तेजी से बढ़ते हैं या उन्हें कम पानी की जरुरत होती है। जब उन्हें पृथ्वी पर वापस लाया जाता है, तो इन अंतरिक्ष-नस्ल वाले पौधों के बीजों का सावधानीपूर्वक परीक्षण किया जाता है और नई नस्ल की प्रोसेसिंग से गुजारा जाता है ताकि लोकप्रिय फसलों की किस्में तैयार किये जा सकें। दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन और दूसरी वजहों से कृषि पर दबाव बढ़ता जा रहा है जिससे बढ़ती आबादी के लिए खाद्यान्न का संकट खड़ा हो सकता है। उस चुनौती के लिहाज से इन फसलों को उगाने की जरुरत बढ़ती जा रही है।

बिहार में 12 साल के बच्चे के पीछे पड़ा जहरीला सांप, तीन बार बना चुका शिकार, दहशत में परिवार

पटना। बिहार में सांप काटने का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। बिहार के औरंगाबाद में जहरीला सांप एक बच्चे को 15 दिनों में तीन बार काट चुका है। हालांकि, अच्छी बात ये है कि हर बार बच्चे की जान जरूर बच गई लेकिन सांप के लगातार हमले ने पूरे परिवार को चिंता में डाल दिया है। आखिरकार परिवार वालों ने दहशत में आकर बच्चे को उसकी बुआ के घर भेज दिया है। कोई ये नहीं समझ पा रहा है कि बार-बार बच्चे को सांप क्यों काट रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, मामला औरंगाबाद के एक गांव का है। बच्चे के दादा फेकन भगत ने इस बारे में बताया कि सबसे पहले दो जुलाई को एक जहरीले सांप ने उनके पोते को घर के बाहर खेलते समय काट लिया था। जब बच्चा चिल्लाया तो परिवार के लोग पहुंचे और उसे तुरंत अस्पताल ले गए। जब बच्चा ठीक होकर घर लौटा तो फिर एक बार सांप ने उसे डस लिया। इस बार घरवालों ने झाड़-फूंक कराई और बच्चा ठीक हो गया। दो बार तो ठीक लेकिन जब तीसरी बार भी बच्चे को जहरीले सांप ने काट लिया तो घरवाले भी हैरान होकर दहशत में आ गए। बच्चे को फिर अस्पताल ले जाया गया और बच्चा ठीक होकर घर भी आ गया। हालांकि, इस बार परिजनों ने बच्चे को ही उसकी बुआ के घर भेज दिया, जिससे सांप उसे चौथी बार नहीं काट पाए। इस मामले की पूरे इलाके में चर्चा की जा रही है। हर कोई हैरान है कि आखिर सांप की एक बच्चे से ऐसी क्या दुश्मनी तो तीन बार उसे शिकार बना लिया गया है।

कभी थी सुंदर इमारतें..अब बनी भूतिया जगह, जाने से डरते हैं लोग



नई दिल्ली। जार्जिया का खूबसूरत टॉउन हुआ करता था। जहां पर 15,000 के लगभग लोग बसते थे। लेकिन अब लोग कहते हैं कि यहां पर बुरी शक्तियों का वास है। ये शहर तुर्की में है। कभी यहां पर लोग हंसी खुशी रहते थे लेकिन अब ये वीराना हो गया है।इटली के इस शहर की जनसंख्या कभी 1,000 हुआ करती थी। लेकिन अब यह एक भूतिया जगह बन गई है।अरब का ये शहर भी एक जमाने में अपनी कलाकारी के लिए फेमस था। अब इसे भी भूतिया शहर मान लिया गया है। जिसकी वजह से अब यहां लोगों का बसेरा नहीं है।

रंजीत व अमित श्रॉफ संग 'मिशन चाइना' पर निकले कुंदन शाह

मुंबई। रंजीत सिंह फिल्म्स क्रिएशंस के बैनर तले फिल्म निर्माता रंजीत सिंह भोजपुरी फिल्म 'मिशन चाइना' बनने जा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग नेपाल के पोखरा शहर में मुहूर्त कर शुरू कर दी गई है। फिल्म के निर्देशक अमित श्रॉफ है, जबकि इसका निर्माण निर्माता रंजीत सिंह कर रहे हैं। गीतकार अजित मंडल 'मिशन चाइना' से बतौर म्यूजिक डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म का नाम ही अपने आप में फिल्म की कहानी का वर्णन कर रहा है। 'मिशन चाइना' से भोजपुरी इंडस्ट्री में कदम रखने जा रहे हैं हैंडसम हंक अभिनेता कुंदन भारद्वाज। जिहोंने भोजपुरी इंडस्ट्री में पदार्पण से पहले कई हिंदी धारावाहिकों में अपनी धाक बनाई है। इनके अपोजिट फिल्म में भोजपुरी की ब्यूटीफुल एक्ट्रेस यामिनी सिंह नजर आने वाली हैं। अगर फिल्म की कहानी की बात की जाए तो ये भारत और चाईना के बीच की लड़ाई को दशार्ती है कि कैसे कुंदन भारत से चाईना के मिशन पर जाते हैं। इस फिल्म में पहली बार दर्शकों को भोजपुरी फिल्म में बॉलीवुड लेवल का एक्शन देखने को मिलेगा। मुहूर्त के बाद निर्माता रंजीत सिंह ने कहा कि हम इस फिल्म को

बॉलीवुड स्तर पर बनाने जा रहे हैं, जिससे लोगों की भोजपुरी के प्रति बनी हुई धारणा को तोड़ा जा सके हैं कि भोजपुरी इंडस्ट्री में भी अच्छे कॉन्सेप्ट फिल्में नहीं बनती है लेकिन ये फिल्म उनको एक अलग लेवल पर देखने को मिलेगी। मिशन चाइना में दर्शकों को एक्शन, रोमांस, और सस्पेंस का तगड़ा डोस देखने को मिलेगा। निर्देशक अमित श्रॉफ ने कहा कि हम ये नहीं कहेंगे कि हमारी फिल्म ऐसी है वैसी है लेकिन इतना जरूर कहूँगा की जब फिल्म बन कर तैयार होगी तब दर्शक इसे सिनेमाघर में बार बार देखेंगे। क्योंकि इसकी कहानी बेहद ही जानदार है। यामिनी सिंह के अपोजिट डेब्यू करना अपने आप में खास बात है, इनका नाम इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्रियों में लिया जाता हैं। फिल्म को लेकर थोड़ा नर्वस हूं, लेकिन मैं अपने काम के प्रति फोकस्ड हूं। उम्मीद है कि ऑडियंस का मुझे भरपूर प्यार मिलेगा।

अन्नू कपूर की 'क्रैश कोर्स' 5 अगस्त को होगी लॉन्च

मुंबई। मनीष हरिप्रसाद द्वारा रचित, विजय मौर्य द्वारा निर्देशित और ओवलेट फिल्म्स द्वारा निर्मित, कैश कोर्स में अन्नू कपूर, भानु उदय, उदित अरोड़ा, प्रणय पचौरी, बिदिता बैग है। इसमें 8 नए चेहरे भी शामिल है - मोहित सोलकी, हृदय हारून, अनुष्का कोशिक, रिद्धि कुमार, भावेश बालचंदानी, आर्यन सिंह, हेतल गड़ा, अन्वेषा विज जो मुख्य भूमिका में हैं। यह दस एपिसोड की ड्रामा सीरीज, दो कोचिंग संस्थानों का एक काल्पनिक वृत्तांत है, और इसका प्रभाव उन युवा छात्रों के समूह पर पड़ता है जो अपनी कॉम्पिटिटिव एंट्रेंस परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, उनकी आँखों में सपने हैं और उन पर अपने परिवारवालों की उम्मीदें है। जैसे ही छात्रों और कोचिंग संस्थान के मालिकों की दो अलग-अलग दुनिया टकराती हैं. आठ होनहार छात्र, अनिल, सत्य, अविरल, राकेश, विधि, शनाया, तेजल और निक्की. दोस्ती, प्रेम, निराशा व छात्र समूह के सदस्यों के दबाव का अनुभव करते हैं, और युवाओं की मासूमियत खो देते हैं क्योंकि वे अनिच्छा से

कोचिंग संस्थानों के बीच की राजनीति में खींचे चले जाते हैं। आगामी श्रृंखला के बारे में जानकारी देते हुए, अमेजन प्राइम वीडियो इंडिया ओरिजिनल्स के हेड, अपर्णा पुरोहित ने कहा कि 'कैश कोर्स एक खट्टी-मीठी कहानी है जो विभिन्न भौगोलिक और सभी आयु के वर्गों के दर्शकों के साथ संबंधित होगी। हममे से हर कोई अपने जीवन में कभी न कभी एक छात्र रहा है और कैश कोर्स ऐसे क्षणों से भरा हुआ है जो हमारे ग्राहकों को उनके छात्रों के दिन याद दिलाएगा। यह सीरीज मनीष हरिप्रसाद द्वारा रची गयी है और विजय मौर्य द्वारा शानदार ढंग से निर्देशित की गई है। इसमें नए युवा कलाकारों द्वारा जानदार प्रदर्शन किया गया है और अभिनेता अन्नू कपूर एक अनोखें अवतार में दिखाई देंगे। क्रॅश कोर्स, छात्र जीवन की एक निष्ठावान और भरोसेमंद कहानी है, जब आप कॉम्पिटिटिव एंट्रेस परीक्षाओं से निपट रहे हैं, अपने दम पर जीने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, दोस्ती के साथ सुलझ रहे हैं, प्रेम की खोज कर रहे हैं और जल्द ही बड़े होने के लिए मजबूर हैं। भारत और 240 देशों व क्षेत्रों में प्राइम मेंबर्स 5 अगस्त 2022 से अमेजन ओरिजिनल सीरीज क्रैश कोर्स को स्ट्रीम कर - सकते हैं।

पुष्पा पर लगा गैरकानूनी ढंग से बिजनेस चलाने का आरोप

इंदौर। जिन्दगी के लिये बहुत अलग और उम्मीदों से भरा नजरिया रखने वाली एक दोस्ताना और खुद्दार अकेली माँ पुष्पा पटेल (करुणा पांडे) की अनोखी कहानी के साथ, सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल हमारे हर दिन को दिलचस्प बना रहा है। इस शो की सबसे हालिया घटना है बपुद्रा का पुष्पा के चरित्र और परवरिश पर सवाल उठाकर उसकी बेइज्जती करने के बाद उससे माफी मांगना, क्योंकि पुष्पा ने उस समय चिराग (दर्शन गुर्जर) का साथ दिया था, जब उसे पांडे की दुकान से बपुद्रा की शर्टें चुराते हुए पकड़ लिया गया था। फिर राधा काकू ने उसे थप्पड़ मारा और चॉल के नोटिस बोर्ड पर पुष्पा से लिखित में माफी मांगने के लिये कहा, जो वह अनमने ढंग से करता है। बपुद्रा गुस्से में आकर पांडे की दुकान बंद कराने का फैसला लेता है, लेकिन चिराग मामले को संभालता है और बपुद्रा से माफी मांगकर अपने दोस्त को बचाता है। चॉल के निवासी उसे अपनी सोच बदलने के लिये कहते हैं,

लेकिन बपुद्रा एक शर्त रखता है कि या तो पांडे वहाँ से चला जाए, या पुष्पा और उसके बच्चे। पुष्पा वहाँ से जाने का रास्ता चुनती है। पुष्पा को बपुद्रा से दो नोटिस मिलते हैं- एक में उसे जाने के लिये कहा जाता है और दूसरे में उस पर गैरकानूनी बिजनेस चलाने का आरोप लगाया जाता है। बपुद्रा नीचता पर उतर आता है दावा करता है कि उसे पता नहीं था कि पुष्पा घर के बाहर टिफिन सर्विस चला रही है, जिसके लिये उसकी रजामंदी नहीं ली गई। इससे पुष्पा पटेल का परिवार चौंक जाता है, क्योंकि जब भी सुशीला घर पर नहीं होती थी, बपुद्रा पुष्पा से टिफिन लेता था। चिराग प्रॉपर्टी के उन दस्तावेजों को खोजने का निश्चय करता है, जिनमें स्पष्ट लिखा है कि पुष्पा के पास दो कमरे थे, एक में उसका घर था और दूसरा उसके बिजनेस के लिये था। पुष्पा की भूमिका निभा रहीं करुणा पांडे ने कहा, पुष्पा के सामने नई समस्या है, लेकिन हमेशा की तरह वह उसका सामना करने और जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

टीवी शोज में दिखेगा मनोरंजन का मिश्रण

इंदौर। इस हफ्ते एण्डटीवी के शोज बाल शिव, हप्पू की उलटन पलटन और भाबीजी घर पर हैं के किरदार बड़ी परेशानियों में फंसेंगे और दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। एण्डटीवी के ह्यबाल शिवह्य की कहानी के बारे में देवी पार्वती ने कहा, काली क्रोधित होकर लौकलेश को मारने के लिये उसकी ओर बढ़ती हैं और वह अपनी सुरक्षा के लिये महादेव (सिद्धार्थ अरोड़ा) का आह्वान करने लगता है। महादेव वहाँ प्रकट होते हैं और उनके तथा काली के बीच भयंकर युद्ध होता है, जिसे देवी-देवता चिंतित हो जाते हैं। नंदी बाल शिव से अनुरोध करते हैं कि वे काली की चेतना को जगाएं, ताकि उनका क्रोध शांत हो सके। बाल शिव के मस्तक से प्रकाश की एक किरण निकलती है और महादेव के शरीर में प्रवेश कर जाती है।

महादेव त्रिशूल छोड़ देते हैं और शांत हो जाते हैं। लेकिन काली उनके सीने पर आग के एक गोले से आक्रमण करती है और वे लड़खड़ा जाते हैं। महादेव और काली के बीच इस युद्ध में कौन जीतेगा? एण्डटीवी के हप्पू की उलटन पलटन के बारे में राजेश ने बताया, बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) और बिमलेश (सपना सिकरवार) बेनी को तुरंत सफलता दिलाने के लिये ज्योतिष से मदद माँगते हैं। ज्योतिष बिमलेश और बेनी को एक किताब और एक मोमबत्ती देता है और काला जादू करने के लिये कहता है। वह उन्हें चेतावनी भी देता है कि मोमबत्ती को बुझने न दें, नहीं तो घर में बुरी आत्माएँ घुस आएंगी।

हंसगुल्ले

मच्छर का बेटा आज अपनी पहली बार उड़ान पर गया और रात भर बाहर रहने के बाद सुबह लौटा तो उसके पापा ने पूछा- कैसा रहा बेटा ? बेटा बोला : शानदार...सभी लोग तालियां बजा-बजा कर मेरा स्वागत कर रहे थे.

टीचर - तुम इतनी देर से स्कूल क्यों आए हो?
बच्चा - मम्मी-पापा लड़ रहे थे.
टीचर - वो लड़ रहे थे तो तुम क्यों देर से आए?
बच्चा - मेरा एक जूता मम्मी के पास और दूसरा जूता पापा के पास था.

एक लड़की की स्कूटी खराब हो गई लड़की अपनी स्कूटी मैकेनिक के पास लेकर गई
लड़की- मुझे स्कूटी की सर्विस करानी है
मैकेनिक- मैडम इंजन में दिक्कत है और ब्रेक भी सही से काम नहीं कर रहे
लड़की- अरे, ये छोटी-मोटी बातें होती रहती हैं
पहले इसका शीशा ठीक करो प्लीज सुनते ही आउट ऑफ कंट्रोल हुई मैकेनिक की हसी।

वो यात्री, जो विमान में न चढ़ सका

कनिष्क विमान हादसे की कहानी आज भी है रहस्यमय

नई दिल्ली। 35 साल पहले 1985 में 23 जून को संडे था, लेकिन वो संडे दुनिया के इतिहास के बेहद वीभत्स और मनहूस दिनों में गिना जाता है क्योंकि एयर इंडिया फ्लाइट कनिष्क-182 जो टोरंटो से उड़ान भरने के बाद लंदन होते हुए कुछ घंटों में नई दिल्ली पहुंचने वाली थी, लेकिन सुबह होने से पहले यूरोप की सीमा में दाखिल होने के बाद 31 हजार फीट की ऊंचाई पर इस विमान में जोरदार धमाका हुआ और उसमें सवार सभी 329 लोग मारे गए। एयर इंडिया का बोइंग विमान कनिष्क हवाई जहाज में 307 यात्री और 22 क्रू मेंबर्स सवार थे और टोरंटो से इन लोगों को लेकर विमान यूरोप की सीमा में दाखिल होने के बाद आयरलैंड की ओर पहुंचा ही था कि उसमें धमाका हो गया जिससे हजारों फीट की ऊंचाई पर विमान में आग लग गई और जलता हुआ विमान अटलांटिक सागर में गिर गया, साथ ही सवार सभी यात्रियों की मौत हो गई। हादसे में मारे गए कुल 329 लोगों में से 268 कनाडा, 27

इंग्लैंड, 10 अमेरिका और 2 भारत के नागरिक थे. साथ ही जहाज की क्रू में शामिल सभी भारतीय (22 लोग) भी मारे गए. 131 यात्रियों के शव महासागर से बरामद किए जा सके। एयर इंडिया के इस विमान का नाम प्राचीन भारत के महान सम्राट कनिष्क के नाम पर रखा गया था. इस हादसे को कनिष्क विमान हादसा के नाम से भी जाना जाता है। जहाज में 'एम सिंह' के नाम के यात्री को विमान में चढ़ना था, लेकिन वो नहीं चढ़ा. बस उसका सूटकेस जहाज तक पहुंचा दिया गया था. उस संदिग्ध 'एम सिंह' का न आज तक कोई पता चला और न ही उसे पकड़ा जा सका।

इस हमले को 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में छिपे अलग खालिस्तान की मांग कर रहे सिख आतंकियों को मारने के लिए केंद्र सरकार की ओर से 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के तहत की गई कार्रवाई का बदला माना गया। 6 जून 1984 को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार किया गया। भारतीय सेना का यह मिशन स्वर्ण मंदिर को जरनैल सिंह भिंडरावाले और उनके समर्थकों के चंगुल से छुड़ाना था। इस ऑपरेशन में बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे। ऑपरेशन ब्लूस्टार में 83 सैन्य कर्मी और 492 नागरिक मारे गए। कनाडा और भारत की ओर से जांच में इस हादसे के लिए सिख आतंकी संगठन बब्बर खालसा को जिम्मेदार ठहराया गया और कहा गया कि उसी ने हवाई जहाज में बम रखने में भूमिका निभाई थी।

बब्बर खालसा के अलावा हमले की इस साजिश में कनाडा का भी एक ग्रुप शामिल था। कनाडा की जांच समिति की ओर से यह आशंका जताई कि इसके पीछे इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन भी शामिल था। किसी उड़ते हवाई जहाज को बम से उड़ाने की यह पहली घटना थी। इस विमान हादसे के 55 मिनट बाद टोक्यो के नारिटा हवाई अड्डे पर भी एक बम धमाका हुआ था। जहां एयर इंडिया के दूसरे प्लेन को उड़ाने के लिए सामान में बम रख चेक इन कराया गया था। उस धमाके में एयरपोर्ट के सामान उठाने वाले 2 कर्मचारी मारे गए। इन दोनों ही घटनाओं में सामान्य बात यह थी कि बम को सूटकेस में छिपा कर जहाज तक पहुंचाया गया था। जांच की प्रक्रिया पूरे 20 साल चली, जिसमें कनाडा सरकार के 130 मिलियन कनाडाई डॉलर खर्च हो गए, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आए। यह कनाडा में किसी केस की सबसे महंगी जांचों में से एक है। लंबी जद्दोजहद के बाद एक आरोपी गिरफ्त में आया। धमाके के इकलौते दोषी इंद्रजीत सिंह रेयात को 10 साल की जेल हो गई, लेकिन वह 2016 में 28 जनवरी को कनाडा की जेल से रिहा हो गया। इंद्रजीत सिंह रेयात पर आरोप लगा कि धमाके के लिए उसने डेटोनेटर, डायनामाइट और बैटरीज खरीदी थी। 1991 में आरोपी रेयात को सामान उठाने वाले 2 कर्मचारियों की मौत के मामले में दोषी करार दिया गया। उसे इसके लिए 10 साल की सजा दी गई। वहीं एयर इंडिया विमान हादसे में नरसंहार के एक अन्य आरोप में 5 वर्ष की सजा दी गई। रेयात को झूठी गवाही देने के लिए 9 वर्ष की सजा मिली। यह अभी तक कनाडा में दी गई ऐसी सबसे लंबी सजा है। हालांकि सुनवाई के दौरान रेयत द्वारा जेल में गुजारे गए वक्त को इसमें जोड़ा गया। उसकी सजा सात जनवरी 2011 से शुरू हुई।

17 जून, 2010 को कनाडा की ओर से जारी जांच रिपोर्ट में इसके लिए कनाडा पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को नाकामी बताया गया। कहा यह भी जाता है कि कनाडा खुफिया एजेंसियों को अलगाववादी सिख संगठनों की ओर से आतंकी वारदात को अंजाम देने की जानकारी थी. फिलहाल गुजरते वक्त के साथ इस हादसे को साढ़े 3 दशक गुजर गए हैं, लेकिन इसके साजिशकर्ताओं की कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इस दिन को आज भी मनहूस हवाई सफर के मामले में काले दिन के रूप में गिना जाता है।

पाखी हेगड़े नेगेटिव किरदार निभाने को तैयार

मुंबई (आईएएनएस)। पाखी हेगड़े भोजपुरी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं, उन्होंने मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म 'गंगा देवी' और मनोज तिवारी के साथ 'भैया हमर दयावान' में काम किया है। अभिनेत्री अब 'उड़ती का नाम रज्जो' में एक दमदार नकारात्मक किरदार निभाने को लेकर उत्साहित हैं। यह शो एक युवा लड़की रज्जो के बारे में हैं, जो एक एथलीट बनना चाहती है और अर्जुन (राजवीर सिंह) उसे अपने सपने को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है। पाखी एक हिंदी टीवी शो का हिस्सा होने के बारे में बात करती हैं और कहती हैं कि हालांकि दर्शकों ने उन्हें हमेशा सकारात्मक भूमिकाओं में देखना पसंद किया, लेकिन उन्हें नकारात्मक किरदार निभाने में कोई हिचकिचाहट नहीं है।

अभिनेत्री कहती हैं, 'मुझे पता है कि लोगों ने मुझे हमेशा सकारात्मक किरदारों में पसंद किया है। इस चरित्र का एक सकारात्मक पक्ष भी है, हालांकि वह कुछ ऐसी चीजें करती हैं जो उसके नकारात्मक पक्ष को प्रदर्शित करती हैं, लेकिन यह उसके परिवार के बारे में उसके अधिकार के कारण हैं।' 'यह चरित्र एक ऐसी महिला के बारे में है जो बहुत मजबूत नेतृत्व वाली है। मुझे पता है कि लोग मेरे काम को पसंद करेंगे और इससे जुड़ेंगे, क्योंकि मैं मानवीय भावनाओं को प्रदर्शित कर रही हूं जो नकारात्मक और सकारात्मक दोनों हो सकती हैं।' वह टीवी शो के साथ वापसी करने के बारे में आगे कहती हैं, 'मैंने भोजपुरी फिल्मों में काम किया है। मेरे प्रशंसक मुझे कुछ समय के लिए किसी भी प्रोजेक्ट में नहीं देख पाए थे, क्योंकि मैं अपने काम के साथ बहुत चयनात्मक हो रही थी, लेकिन अब फैंस को आश्चर्य होगा, जब वे मुझे टीवी पर धमाकेदार वापसी करते देखेंगे।' 'उड़ती का नाम रज्जो' स्टार प्लस पर 8 अगस्त से शुरू होने जा रहा है।

ब्रिटेन सहन नहीं कर सकता

40° सेल्सियस तापमान

■ लंदन (द कन्वरसेशन)।

मौसम ज्यादा गर्म हो जाए तो पानी को पंप करने वाले पाइप, बिजली पहुंचाने की लाइनें और सड़कों और रेलवे लाइनों को नुकसान पहुंचता है। जैसे-जैसे वैश्विक तापमान में वृद्धि जारी रहेगी, राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे पर दबाव बढ़ता जाएगा।

जलवायु परिवर्तन ब्रिटेन में गर्मी का प्रकोप तेज कर रहा है, जो एक समृद्ध देश है और गर्म तापमान के अनुकूल होने की क्षमता और संसाधन रखता है। फिर भी, पिछले दस वर्षों में इमारतों में अति ताप और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के बढ़ते जोखिम को कम करने के लिए बहुत काम किया गया है। देश लंबे समय तक लगातार 38 डिग्री सेल्सियस से अधिक के तापमान को संभालने के लिए तैयार नहीं है, जो भूमध्यसागरीय देशों में अधिक आम है। यूके के बुनियादी ढांचे को आमतौर पर सर्दियों के दौरान गर्मी बनाए रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन यह गर्मियों में गर्मी को दूर रखने के लिए प्रभावी होना चाहिए।

देश लंबे समय तक लगातार 38 डिग्री सेल्सियस से अधिक के तापमान को संभालने के लिए तैयार नहीं है, जो भूमध्यसागरीय देशों में अधिक है

पानी

साल के ठंडे महीनों में पानी के पाइप न फटते हैं और न ही टूटते हैं। जैसे-जैसे गर्म मौसम में घरों में अधिक पानी की खपत होती है, भूमिगत पाइपों में पानी का दबाव बढ़ जाता है। इस बीच, पानी के पाइपों को जोड़ने वाला पदार्थ सूखकर अपनी पकड़ कमजोर कर सकता है, जिससे पानी के पाइप हिलने लगते हैं, विशेष रूप से मोड़, जोड़ और कनेक्टर के पास से। जब इसके साथ पाइप नेटवर्क के खुले हिस्सों पर उच्च तापमान और यूवी किरणें पड़ती हैं, तो पाइप फट सकते हैं।

खराब रखरखाव वाले पानी के पाइप लंबे समय तक गर्म तापमान, उतार-चढ़ाव वाले दबाव भार और असंगत वर्षा का सामना करने पर टूट सकते हैं। पाइपलाइनों के कमजोर हिस्सों को आमतौर पर पॉलीथीन के साथ कवर और इन्सुलेट किया जाता है। यह सुनिश्चित करता है कि ओवरहीटिंग से होने वाली क्षति सीमित हो, लेकिन जल सुविधाओं को अधिक उपयोगी और मजबूत बनाने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है।

रेल

पूरे यूके में रेलवे में हजारों मील का स्टील ट्रैक है। स्टील में उच्च तापीय चालकता होती है, जिसका अर्थ है कि यह अन्य निर्माण सामग्री की तुलना में बहुत अधिक गर्मी को तेजी से अवशोषित और स्थानांतरित कर सकता है और आसपास के हवा के तापमान की तुलना में 20 डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा गर्म हो सकता है। स्टील की पटरियां गर्मी में लंबी हो जाती हैं, ट्रैक के आधार और किनारों के खिलाफ बल लगाती हैं। जब विस्तार करने के लिए कोई जगह नहीं होती, तो यह खराब हो सकती है, जिसे मरम्मत में कुछ दिन लग सकते हैं, जिससे रेल प्रणाली बाधित हो सकती है।

स्पेन और फ्रांस सहित गर्म यूरोपीय देशों में, रेल लाइनों में इस्तेमाल होने वाले स्टील को आमतौर पर निर्माण से पहले और उसके दौरान अलग तरह से तैयार किया जाता है। उदाहरण के लिए, विभिन्न मिश्र धातुओं का उपयोग किया जाता है, या स्टील को अलग तरह से गढ़ा जाता है ताकि यह एक बार लगने के बाद अधिक प्रभावी ढंग से गर्मी के तनाव को झेल सके।

ओवरहेड लाइनों और कंडक्टर रेल दोनों का उपयोग करते हुए, ब्रिटिश रेल नेटवर्क का लगभग 40फीसद विद्युतीकृत है। बिजली की लाइनें गर्म मौसम में खराब हो सकती हैं, इसलिए बिजली की तारों में आग लगने से रोकने के लिए ट्रेनों को बहुत धीमी गति से यात्रा करने का आदेश दिया जाता है। धीमी यात्रा में बल भी कम लगता है, जिससे ट्रैक के हिलने की सभावना कम हो जाती है।

शुक्र है, आधुनिक ओवरहेड लाइनें गर्म मौसम से कम प्रभावित होती हैं क्योंकि उनमें स्प्रिंग्स या बैलेंस वेट के साथ ऑटो-टेंशन सिस्टम होते हैं जो अलग-अलग तापमान में समायोजित होते हैं। पुरानी ओवरहेड बिजली लाइनों में अभी भी ट्रेनों के लिए निश्चित तनाव कनेक्टर होते हैं और ये ज्यादा गर्मी होने पर खराब होने की अधिक संभावना रखते हैं - इन्हें बदलने की जरूरत होगी ताकि भविष्य में ज्यादा गर्मी होने पर रेल नेटवर्क सुचारू रूप से काम करते रहें।

बिजली

गर्म मौसम बिजली पैदा करने और वितरित करने वाले नेटवर्क के लिए बड़ी समस्या पैदा कर सकता है। यूके में पावर ट्रांसमिशन केबल्स पर अक्सर एल्यूमीनियम या रबड़ की परत चढ़ी रहती है, जो गर्मी में विस्तार के लिए अतिसंवेदनशील होते हैं।

खंबों को आमतौर पर कांच और सिरेमिक में लगाया जाता है - बेहतर इंसुलेटर जो बिजली का संचालन करने वाली संरचनाओं को रोकते हैं। हालांकि, ट्रांसमिशन केबल्स की विशाल लंबाई को कोट करने के लिए ये बहुत महंगे हैं। बिजली उपयोगिताओं को तारों और बिजली के लचीलेपन को उच्च तापमान भिन्नताओं का सामना करने में मदद करने के लिए वैकल्पिक सामग्रियों पर शोध करने की आवश्यकता होगी।



यूके गर्म परिस्थितियों में काम करने में सक्षम कंडक्टर भी स्थापित कर सकता है और लंबे बिजली लाइन खंबों का निर्माण कर सकता है। ट्रेनों की ट्रांसमिशन केबल्स के साथ भी यही होता है। विद्युत लाइनें अत्यधिक तापमान में फैलती हैं और ढीली हो जाती हैं, प्रतिरोध में वृद्धि होती है और उनकी कार्यकुशलता में कमी आती है। दक्षता में भारी गिरावट बिजली संयंत्रों को बंद कर सकती है और लोगों को ब्लैक आउट का सामना करना पड़ सकता है।

एक शुद्ध शून्य देश का निर्माण न केवल शून्य-कार्बन प्रौद्योगिकियों की तरफ संक्रमण की मांग करता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए मौजूदा बुनियादी ढांचे को अपनाने की भी मांग करता है। धीमी गति से और अंततः वैश्विक उष्मा को उलटने में सक्षम अर्थव्यवस्था तभी उभर सकती है जब हम आने वाले अपरिहार्य प्रभावों के लिए पहले से मौजूद चीजों को अनुकूलित करें।

23 सितम्बर को रिलीज होगी 'बबली बाउंसर'

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की फिल्म बबली बाउंसर 23 सितम्बर को रिलीज होगी। निर्देशक मधुर भंडारकर की फिल्म 'बबली बाउंसर' में तमन्ना भाटिया ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म 'बबली बाउंसर' 23 सितम्बर 2022 को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। स्टार स्टूडियो और जंगली पिचर्स ने इसकी घोषणा की है।

यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषाओं में रिलीज होगी। मेकर्स ने 'बबली बाउंसर' से तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। एक तस्वीर में तमन्ना ब्लैक पैंट और टीशर्ट में हाथ बांधे खड़ी नजर आ रही हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में तमन्ना अपनी ताकत का प्रदर्शन करती हुई नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में वह मुस्कुरा रही हैं। 'बबली बाउंसर' उत्तर भारत के वास्तविक 'बाउंसर टाउन', असोला फतेपुर पर आधारित कहानी है। फॉक्स स्टार स्टूडियोज और जंगली पिचर्स द्वारा निर्मित, 'बबली बाउंसर' का निर्देशन मधुर भंडारकर कर रहे हैं।

तीसरी बार प्रेग्नेंसी पर करीना ने दिया मजाकिया जवाब

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने तीसरी बार प्रेग्नेंट होने की अफवाहों पर मजेदार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि 'यह सब वाइन और पास्ता का असर है।' करीना अपने परिवार के साथ लंदन में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर उन खबरों पर अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसमें दावा किया गया है कि वह तीसरी बार मां बनने जा रही हैं।

दरअसल, हाल ही में कुछ तस्वीरें सामने आई थीं, जिसमें उनका बेबी बंप नजर आ रहा है। इसके बाद सोशल मीडिया पर चर्चा होने लगी थी कि करीना कपूर तीसरी बार प्रेग्नेंट हैं। करीना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'यह पास्ता और वाइन का असर है, चिल करो। मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं। उफ्फ... सैफ का कहना है कि वो पहले ही हमारे देश की पॉपुलेशन के लिए काफी कंट्रीब्यूशन कर चुके हैं... एन्जॉय करें।'

सैफ और करीना ने 16 अक्टूबर 2012 को शादी की। कपल ने 2016 में अपने पहले बेटे तैमूर और फरवरी 2021 में अपने दूसरे बेटे जेह का स्वागत किया। करीना कपूर को अपनी आने वाली फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' का बेसब्री से इंतजार है। वह जल्द ही डिजिटल डेब्यू भी करने वाली हैं। उन्होंने सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित एक ओटीटी प्रोजेक्ट को साइन किया है।

रॉकेट्री : द नांबी इफेक्ट देखकर भावुक हुए अनुपम खेर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर, आर माधवन की फिल्म रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट देखकर भावुक हो गए। आर माधवन की फिल्म रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट इसरो के पूर्व रॉकेट साइंटिस्ट नांबी नारायणन के जीवन पर आधारित है। आर माधवन ने नांबी नारायणन का किरदार निभाया है। यह पैन इंडिया फिल्म 6 भाषा हिंदी, तमिल, तेलुगु, अंग्रेजी, मलयालय और कन्नड़ में रिलीज हुई है। फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस का भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। अनुपम खेर इस फिल्म को देखने के बाद भावुक हो गए। अनुपम खेर ने सोशल मीडिया के जरिए फिल्म रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट की तारीफ की है। साथ ही उन्होंने इस फिल्म को आउटस्टैंडिंग और इंस्पिरेशनल भी बताया है। अनुपम ने अपने पोस्ट में लिखा, "एक्टर माधवन की नंबी नारायणन की लाइफ पर बेस्ड फिल्म रॉकेट्री देखी। यह फिल्म आउटस्टैंडिंग और इंस्पिरेशनल है। मैं इस फिल्म को देखने के बाद दिल खोलकर रोया। हर इंडियन को इसे जरूर देखना चाहिए और नंबी नारायणन सर को सॉरी बोलना चाहिए। इस तरह हम पास्ट में की गई कुछ गलतियों को सुधार सकते हैं। ब्रावो प्रिय माधवन।"

■ कहा, हर इंडियन को इसे जरूर देखना चाहिए और नंबी नारायणन सर को सॉरी बोलना चाहिए

26 जुलाई को ओटीटी पर रिलीज होगी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता आर माधवन की फिल्म रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट 26 जुलाई को ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। आर माधवन की फिल्म रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी आने वाली है। अमेजन प्राइम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी है। अमेजन प्राइम ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि आर माधवन की फिल्म 'रॉकेट्री: द नंबी इफेक्ट' 26 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है।

फेस मास्क के कारण बच्चे वयस्कों की बात समझ नहीं पाते

■ कैंब्रिज (द कन्वरसेशन)।

कई स्थानों पर मास्क पहनने की अब आवश्यकता नहीं है। यह कोरोना का प्रसार सीमित करने के तरीके के रूप में उपयोग में रहता है। मास्क की एक आलोचना यह रही है कि वे संचार (कम्युनिकेशन) को और अधिक कठिन बना देते हैं।

उदाहरण के लिए, ब्रिटेन के शिक्षा विभाग की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि महामारी के दौरान मास्क पहनने से कक्षाओं में कम्युनिकेशन में कठिनाई होती है। हालांकि, नए शोध से पता चलता है कि जिन लोगों को सुनने और भाषा की कठिनाइयां नहीं होती, उनकी बात को समझने की क्षमता पर फेस मास्क का प्रभाव वास्तव में हल्का होता है। हालांकि मास्क कही गई बात को समझने की हमारी क्षमता को धीमा कर देते हैं, लेकिन वे शायद ही कभी गलतफहमी पैदा करते हैं। मास्क भी सभी स्थितियों में हमारी समझ को प्रभावित नहीं करते हैं। वे आमतौर पर केवल तभी प्रभाव डालते हैं जब बातचीत का विषय अप्रत्याशित होता है।

अध्ययन में 26 बच्चों (आठ से 12 वर्ष की आयु) और बिना सुनने या भाषा की कठिनाइयों के 26 वयस्कों ने भाग लिया। उन्हें एक व्यक्ति के कपड़े के फेस मास्क पहने हुए बोलते हुए वीडियो दिखाए और उनसे प्रत्येक वाक्य के अंतिम शब्द को दोहराने के लिए कहा जो उन्होंने सुना था। इससे यह मापने में मदद मिली कि लोग मास्क पहने व्यक्ति के भाषण को कितनी जल्दी और कितनी सही ढंग से समझते हैं।

मास्क बनाम बिना मास्क भाषण के बारे में प्रतिभागियों की समझ का परीक्षण करने के साथ-साथ, मास्क के ऑडियो और विज़ुअल प्रभावों का अलग-अलग परीक्षण करने के लिए वीडियो में हेरफेर भी किया गया। उदाहरण के लिए वीडियो में एक बिना मास्क वाला स्पीकर दिखाया गया था, लेकिन मास्क के साथ रिकॉर्ड किया गया ऑडियो चल रहा था।

■ शोध का निष्कर्ष : बच्चे मास्क पहने व्यक्ति के भाषण को सामान्य भाषण की तुलना में 8% कम सटीक और 8% अधिक धीमी गति से संसाधित करते हैं, जबकि वयस्क मास्क वाले भाषण को 6.5% कम सटीक और 18% अधिक धीरे संसाधित करते हैं

पाया गया कि बच्चे मास्क पहने व्यक्ति के भाषण को सामान्य भाषण की तुलना में 8% कम सटीक और 8% अधिक धीमी गति से संसाधित करते हैं, जबकि वयस्क मास्क वाले भाषण को 6.5% कम सटीक और 18% अधिक धीरे संसाधित करते हैं।

सामान्य तौर पर, वयस्कों ने अध्ययन में बच्चों की तुलना में तेजी से भाषण का जवाब दिया-लगभग 23% तेज (148 मिलीसेकंड) फेस मास्क भाषण सुनते समय और 29% तेज (176 मिलीसेकंड) सामान्य भाषण सुनते समय। वयस्कों के सामान्य भाषण के अत्यधिक कुशल प्रसंस्करण एक कारण हो सकता है कि उनकी गति पर फेस मास्क का प्रभाव अधिक स्पष्ट होता है।

फेस मास्क का प्रभाव : फेस मास्क हमारी भाषा के उपयोग को दो तरह से बदलते हैं। वे स्पीकर की आवाज़ को बदल देते हैं और यह आभास दे सकते हैं कि उनका भाषण दब गया है। अधिकांश मास्क वक्ता के होठों के दिखने को भी अवरुद्ध कर देते हैं। शोध से पता चलता है कि जब हम बोलते हैं तो मास्क जिस तरह से आवाज बदलते हैं, वह स्पीकर के होठों के दिखने में अवरोध से ज्यादा बच्चों को प्रभावित करता है। इसका कारण यह हो सकता है कि बच्चे दृश्य जानकारी को ध्वनि के साथ संयोजित करने में उतने अच्छे नहीं होते जितने वयस्क वक्ता को सुनने और देखने में होते हैं। पाया गया कि ध्वनिक रूप से ढकी हुई बात वयस्कों की समझ को प्रभावित नहीं करती है जब वे स्पीकर के होंठों की हरकतों को देख सकते हैं।

किस बारे में बात कर रहे हैं : इस मामले में एक दिलचस्प बात यह है कि बातचीत का विषय मायने रखता है। फेस मास्क हमारी समझ को कम प्रभावित करते हैं जब हम अनुमान लगा सकते हैं कि हम जिससे बात कर रहे हैं वह क्या कहने जा रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बातचीत के संदर्भ को जानने से हमें भाषा को जल्दी और आसानी से समझने में मदद मिलती है। हमारा दिमाग इस जानकारी का उपयोग यह अनुमान लगाने के लिए कर सकता है कि एक वक्ता क्या कहने वाला है। अध्ययन से पता चलता है कि इस प्रकार की प्रासंगिक जानकारी देने से मास्क सहित भाषण को समझने में कठिनाई कम होती है। जहां इस बात की आशंका रही है कि मास्क बच्चों के सीखने को प्रभावित करेगा, वहीं कक्षा में शिक्षक कई तकनीकों का उपयोग करते हैं जो प्रासंगिक जानकारी को बढ़ाते हैं।

काव्या के गाने 'बारिश के दिन' को मिले 10 मिलियन व्यूज

मुंबई (वार्ता)। युवा अभिनेत्री काव्या थापर और अभिनेता पारस अरोड़ा के गाने 'बारिश के दिन' को 10 मिलियन व्यूज मिल गए हैं। बारिश के दिन गीत दो लवबर्ड्स की एक प्यारी प्रेम कहानी को दर्शाता है जो एक दूसरे के प्यार में पागल हैं और दुर्भाग्य से, एक लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में हैं। लेकिन

मानसून की वजह से काव्या अपनी फ्लाइट मिस करती हैं और अपने प्यार के साथ वापस आ जाती हैं। काव्या थापर ने अपने गीत 'बारिश के दिन' के 10 मिलियन तक पहुंचने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, दर्शकों द्वारा हमारे गीत पर बरस रहे प्यार के लिए मैं वास्तव में खुश और रोमांचित हूं। हमारे दर्शकों के लिए इसे स्क्रीन पर परफेक्ट बनाने के लिए, इसमें हम सभी कलाकारों की कड़ी मेहनत और समर्पण है। हमारे प्रशंसकों का अपार प्यार हमें और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

खलो कार्दशियन किसी को डेट करने के लिए तैयार

लॉज एंजिल्स (आईएएनएस)। रियलिटी टीवी स्टार खलो कार्दशियन को दूसरे बच्चे की चाहत है इसीलिए वह किसी को डेट करना चाहती हैं, परतु इसमें किसी चीज की कोई जल्दबाजी नही करेंगी अभिनेत्री। अंदरूनी सूत्रों की मानें तो 'द कार्दशियन' स्टार खलो कार्दशियन अपने पिछले रिश्ते से काफी परेशान थी इसीलिए अब वह किसी के साथ रिश्ते में आने के लिए फिर से तैयार हैं।दरअसल खलो कार्दशियन अपने पूर्व और बास्केटबॉल खिलाड़ी ट्रिस्टन थॉम्पसन के साथ सरोगेट के माध्यम से अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रही हैं, जिसके साथ उनकी पहले से ही चार साल की बेटी ट्रू है। खलो के प्रवक्ता ने पिछले हफ्ते पुष्टि की कि रियलिटी स्टार का अपने पूर्व साथी के साथ एक और बच्चा है। खलो कार्दशियन और ट्रिस्टन थॉम्पसन का रिश्ता किसी तीसरे की वजह से टूट गया था क्योंकि अभिनेत्री को पता चल गया था कि उनका पार्टनर उनको धोखा दे रहा है।

संक्षिप्त खबरें

हिस्सेदारी में इजाफा

नई दिल्ली। पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और म्यूचुअल फंडों की हिस्सेदारी आंशिक रूप से बढ़ गई है। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में उसके शेयरधारक एफपीआई की संख्या 54 से बढ़कर 83 हो गई। इसके साथ ही एफपीआई के पास मौजूद शेयरों की संख्या भी बढकर 3,57,72,428 हो गई। इस तरह वन97 कम्युनिकेशंस में एफपीआई की हिस्सेदारी 4.42 प्रतिशत से 5.45 प्रतिशत हो गई है।

एमडी बने राजर्षि गुप्ता

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी की विदेशी निवेश इकाई ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) के नए प्रबंध निदेशक के तौर पर राजर्षि गुप्ता ने पदभार संभाल लिया है। राजर्षि गुप्ता ने आलोक गुप्ता का स्थान लिया है जिनका कार्यकाल पिछले महीने खत्म हो गया था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि राजर्षि गुप्ता ने मंगलवार को अपना पदभार ग्रहण किया। उनके पास ओएनजीसी के विभिन्न पदों पर काम करने का 33 साल का अनुभव है। इसके पहले वह ओएनजीसी में कार्यकारी निदेशक और कॉरपोरेट रणनीति एवं नियोजन प्रमुख के पद पर कार्यरत थे।

एक्सेंचर का प्रौद्योगिकी केंद्र

कोयंबटूर। प्रौद्योगिकी कंपनी एक्सेंचर ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में अपना नया आधुनिक प्रौद्योगिकी केंद्र खोला है। यह कंपनी के आपूर्ति नेटवर्क के विस्तार की योजना का हिस्सा है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि यह नया केंद्र दुनियाभर के ग्राहकों को विभिन्न उद्योगों से जुड़ी हुई प्रौद्योगिकी सेवाएं मुहैया कराएगा। यहां पर इन प्रौद्योगिकी सेवाओं का विकास भी किया जाएगा। भारत में एक्सेंचर के प्रौद्योगिकी केंद्र के लीड और वरिष्ठ प्रबंध निदेशक महेश जुराले ने कहा कि कंपनी अब दूसरी श्रेणी के शहरों में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा रही है और कोयंबटूर का केंद्र इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हैटसन एग्रो की बिक्री बढ़ी

चेन्नई। डेयरी उत्पाद बनाने वाली कंपनी हैटसन एग्रो प्रोडक्ट्स की बिक्री चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में पहली बार 2,000 करोड़ रुपए के पार पहुंच गई है। कंपनी ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में उसने 2,014.60 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 1,538.78 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी के चेयरमैन आरजी चंद्रमोगन ने कहा कि महामारी के बाद घरेलू बाजार के हालात सुधरने और गर्मियों के दौरान मांग बढ़ने से बिक्री में वृद्धि दर्ज की गई है। पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 51.95 करोड़ रुपए पर आ गया।

इमामी ने उतारे 'मंत्रा' मसाले

नई दिल्ली। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनी इमामी लिमिटेड की अनुषंगी इमामी एग्रोटेक लिमिटेड ने अब मसाला क्षेत्र में कदम रखा है। कंपनी ने मसाला ब्रांड 'मंत्रा' को राष्ट्रव्यापी स्तर पर उतारने की घोषणा की है। इमामी एग्रोटेक के निदेशक कृष्णा मोहन न्यायपति ने बुधवार को यहां प्रेस से कहा, 'हमारा लक्ष्य अगले पांच साल में मसाला कारोबार से 700 से 1,000 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाने का है।' उद्योग जगत के अनुमान के अनुसार देश में मसाला कारोबार सालाना करीब 80,000 करोड़ रुपए का है। इसमें ब्रांडेड बाजार की हिस्सेदारी लगभग 30,000 करोड़ रुपए की है।(एजेंसी)

तकनीकी वस्त्र के नए डिग्री कोर्स शुरू करने के दिशानिर्देश तैयार

नई दिल्ली (एसएनबी)।

कपड़ा मंत्रालय ने इंजीनियरिंग कॉलेजों में तकनीकी वस्त्र के नए डिग्री कोर्स शुरू करने के लिए दिशानिर्देश तैयार किए है। मंत्रालय दिशानिर्देशों के अनुसार पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले शैक्षणिक संस्थानों को 15 करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। ये दिशानिर्देश जल्द ही जारी किये जाएंगे और शिक्षण संस्थानों से आवेदन आमंत्रित किये जाएंगे।

यह राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) का हिस्सा है। दिशानिर्देशों में एक नया डिग्री कोर्स विकसित करने के साथ तकनीकी टेक्सटाइल के नए पेपर के साथ मौजूदा पारंपरिक डिग्री पाठ्यक्रमों का नवीनीकरण, मौजूदा बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण से जुड़े प्रयोगशाला बुनियादी ढांचे की स्थापना, नई प्रयोगशाला उपकरण सुविधाओं की स्थापना और प्रशिक्षकों और संकाय सदस्यों के प्रशिक्षण के साथ तकनीकी वस्त्रों के विभिन्न अनुप्रयोग क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। तकनीकी वस्त्रों ने विकसित देशों में उत्पादकता में सुधार, सार्वजनिक सुरक्षा, लागत में कमी और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को स्थायित्व प्रदान करने, पर्यावरण संरक्षण और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार में अत्यधिक योगदान दिया है। देश के पास 250 अरब अमरीकी डॉलर के विश्व बाजार का लगभग 6 प्रतिशत है। उन्नत देशों में 30-70 प्रतिशत की तुलना में भारत में तकनीकी वस्त्रों का प्रवेश स्तर 5-10 प्रतिशत कम है। मिशन का उद्देश्य देश में तकनीकी वस्त्रों के निवेश स्तर में सुधार करना है। देश में तकनीकी वस्त्रों के विकास को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में से एक गुणवत्तापूर्ण जनशक्ति की कमी, विशेष रूप से शिक्षित और प्रशिक्षित इंजीनियरों और पेशेवरों, और तकनीकी वस्त्रों के निर्माण और अनुप्रयोग क्षेत्रों दोनों के लिए अत्यधिक कुशल कामगार की कमी है। इसलिए, अगले दशक में तकनीकी वस्त्रों के क्षेत्र में विश्व नेता और अग्रणी बनने के लिए देश को एक प्रभावी ज्ञान और विश्व स्तरीय कौशल इकोसिस्टम बनाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

कपड़ा मंत्रालय पात्रता मानदंड पूरा करने वाले शैक्षणिक संस्थानों को 15 करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता देगा

फेड के हिसाब से नहीं चले तो मुद्रा पर जोखिम

नई दिल्ली (भाषा)। दिग्गज बैंकर उदय कोटक ने कहा है कि 'रिंग मास्टर' अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अनुरूप नहीं चलने वाले केंद्रीय बैंकों के सामने अपनी मुद्राओं के धराशायी होने का जोखिम मंडरा रहा है। कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक उदय कोटक ने एक ट्वीट में कहा कि दुनियाभर के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व से मिले संकेतों के आधार पर अपनी मौद्रिक नीतियों को तय करते हैं। कोटक ने कहा, 'रिंग मास्टर फेडरल रिजर्व की अगुवाई में दुनियाभर के केंद्रीय बैंक झुंड में चलते हैं। रास्ता चाहे आसान हो या मुश्किल। उस रास्ते से हटे, तो आपकी मुद्रा धराशायी हो जाएगी। जापान को देखिए, 30 प्रतिशत अवमूल्यन हो चुका है। यह अमेरिकी डालर की ताकत है जिसकी आज दुनिया में सबसे ज्यादा चाह है।'

अन्य मुद्राओं की तुलना में गिरावट कम

नई दिल्ली (भाषा)। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी डालर की तुलना में रुपए की कीमत में आई कमी दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं में आई गिरावट की तुलना में कहीं कम है। नागेश्वरन ने डालर के मुकाबले रुपए एवं अन्य मुद्राओं की कीमतों में आई इस गिरावट के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक मौद्रिक रुख को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि फेडरल रिजर्व के सख्त रवैये से तमाम उभरती अर्थव्यवस्थाओं से विदेशी पूंजी की निकासी हो रही है जिससे स्थानीय मुद्राएं दबाव में आ गई हैं। एक कार्यक्रम में शिरकत करने आए नागेश्वरन ने संवाददाताओं से कहा, 'जापानी येन, यूरो, स्विस फ्रैंक, ब्रिटिश पौंड का डालर के मुकाबले कहीं ज्यादा अवमूल्यन हुआ है।'

सेंसेक्स की लंबी छलांग

■ 630 अंक चढ़कर 55398 पर बंद

■ शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन देखी गई तेजी

मुंबई (भाषा)।

घरेलू शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स करीब 630 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 16,500 अंक के ऊपर पहुंच गया। वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख के बीच आईटी और ऊर्जा शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयरों में खरीदारी तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह से भी धारणा मजबूत हुई।



तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 629.91 अंक यानी 1.15 प्रतिशत उछलकर 55,397.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 862.64 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 180.30 अंक यानी 1.10 प्रतिशत मजबूत होकर 16,520.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, विप्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक और एशियन पेंट्स शामिल है। अमेरिकी शेयर बाजार में कल की तेजी के बाद एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शांघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजारों में भी शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, 'जून के निचले स्तर 15,183 से निफ्टी में प्रतिशत प्रतिशत की तेजी अच्छी खबरों का नतीजा है। इन खबरों में अमेरिकी कंपनियों के वित्तीय परिणाम बेहतर रहने से वहां के बाजार में तेजी तथा एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) की बिकवाली के निचले स्तर तक पहुंचने की संभावना है। एफपीआई ने इस महीने पांच दिन लिवाली की।'

उन्होंने कहा, 'इसके अलावा पेट्रोलियम क्षेत्र के लिए अप्रत्याशित लाभ कर तथा निर्यात शुल्क में कटौती की सरकार की घोषणा का भी सकारात्मक असर हुआ। इससे क्षेत्र को गति मिलेगी।'

ईपीएफओ से मई में जुड़े 17 लाख लोग

नई दिल्ली (वार्ता)।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मई में 16.82 लाख से ज्यादा अंशधारक ग्राहक जोड़े है जिनमें 20 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को यहां आंकड़ों में बताया कि इस वर्ष मई में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.62 लाख अंशधारकों की वृद्धि हुई है। आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली के प्रतिष्ठान मई के दौरान लगभग 11.34 लाख अंशधारक जोड़कर अग्रणी बने हुए है जो कुल

अंशधारकों का 67.42 प्रतिशत है। माह के दौरान महिला अंशधारकों की संख्या लगभग 3.42 लाख है जिनकी हिस्सेदारी 20.39 प्रतिशत है।

कुल नए अंशधारकों में दो श्रेणियां अर्थात 'विशेषज्ञ सेवाएं' (जनशक्ति एजेंसियों, निजी सुरक्षा एजेंसियों और छोटे ठेकेदारों आदि से मिलकर) और 'व्यापारिक-वाणिज्यिक प्रतिष्ठान' का योगदान 50.51 प्रतिशत है। इसके अलावा अन्य उद्योगों जैसे 'भवन एवं निर्माण उद्योग', 'वित्तीय प्रतिष्ठान','होटल' और 'लोहा एवं इस्पात' से भी इस माह के दौरान अंशधारक जुड़े हैं।

तेल निर्यातकों को राहत

■ सरकार ने पेट्रोल निर्यात पर लगने वाला टैक्स खत्म किया

■ सरकार के इस कदम से वेदांता व ओएनजीसी जैसी कंपनियों को फायदा

नई दिल्ली (एसएनबी)।

सरकार ने पेट्रोल के निर्यात पर लगाए गए कर को खत्म करने के साथ ही बुधवार को डीजल एवं विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लागू अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती की घोषणा की। इसके अलावा घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर लगाए गए कर से भी राहत दी गई।

सरकार की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक, पेट्रोल के निर्यात पर छह रुपए प्रति लीटर की दर से लागू निर्यात शुल्क को खत्म कर दिया गया है। वहीं डीजल एवं एटीएफ के निर्यात पर लगने वाले कर में दो-दो रुपए की कटौती कर क्रमशः 11 रुपए एवं चार रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर लगने वाले कर को भी 23,250 रुपए प्रति टन से घटाकर 17,000 रुपए प्रति टन कर दिया गया है। इस कदम से ओएनजीसी और वेदांता लिमिटेड जैसे घरेलू तेल उत्पादकों को फायदा होगा।

इसके अलावा सरकार ने निर्यातकेंद्रित एसईजेड में स्थित रिफाइनरियों से विदेश भेजे जाने वाले उत्पादों को भी इस शुल्क से राहत देने की घोषणा की। पहले सरकार ने निर्यात-केंद्रित एसईजेड में स्थित रिफाइनरी को कर दायरे में रखा था। इस घोषणा से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को फायदा पहुंचने की उम्मीद है। इसका असर बाजार पर भी दिखा और कंपनी के शेयर दोपहर के सत्र में 2.7 प्रतिशत तक चढ़ गए। इसी तरह ओएनजीसी और वेदांता के शेयरों में भी क्रमशः 4.63 प्रतिशत और 8.36 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई। सरकार ने तेल कारोबार से जुड़ी कंपनियों को होने वाले अप्रत्याशित लाभ पर गत एक जुलाई से कर लगा दिया था। लेकिन उसके कुछ दिनों के बाद ही कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से गिरावट आई है। इससे तेल उत्पादकों और रिफाइनरी कंपनियों दोनों के ही लाभ मार्जिन पर असर पड़ा है। वैश्विक मंदी आने की चिंताएं गहराने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखी गई है। मंदी की स्थिति में मांग घटने की आशंका होने से डीजल, पेट्रोल और एटीएफ पर कंपनियों के मार्जिन पर काफी असर पड़ा है।

गत एक जुलाई को पेट्रोल एवं एटीएफ पर छह रुपए प्रति लीटर निर्यात शुल्क का प्रभावी असर 12 डालर प्रति बैरल था। वहीं डीजल पर 13 रुपए प्रति लीटर शुल्क 26 डालर प्रति बैरल के बराबर था। घरेलू स्तर पर निकले कच्चे तेल पर 23,250 रुपए प्रति टन का अप्रत्याशित लाभ कर 40 डालर प्रति बैरल के बराबर था। अप्रत्याशित लाभ पर कर लगने के बाद डीजल एवं पेट्रोल के मामले में कीमत वसूली घाटे के करीबी स्तर तक पहुंच गयी जबकि एटीएफ और घरेलू कच्चे तेल की भी कीमत वसूली 15 साल के औसत से नीचे चली गई।

बीते हफ्तों में कच्चे तेल के मानक ब्रेंट क्रूड का अंतरराष्ट्रीय भाव 15-20 डालर प्रति बैरल तक कम हो चुका है। इस समय यह 100 डालर प्रति बैरल के आसपास चल रहा है। जब सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर कर लगाने की घोषणा की थी तो उससे साल भर में करीब एक लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व मिलने का अनुमान लगाया गया था। अकेले कच्चे तेल के घरेलू उत्पादन पर लगे अप्रत्याशित लाभ कर से ही 65,600 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने का अनुमान जताया गया था।

अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती

रिफाइनरी कंपनियों के शेयर चढ़े

सरकार के पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन पर अप्रत्याशित लाभ कर घटाए जाने से तेल खोज और उत्पादन तथा रिफाइनिरयों से संबंधित शेयरों में अच्छी मांग रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.47 प्रतिशत और ओएनजीसी का चार प्रतिशत चढ़ गया।

- अब तक लगता था छह रुपए प्रति लीटर निर्यात शुल्क
- डीजल व एटीएफ निर्यात पर टैक्स में दो-दो रुपए की कमी
- डीजल पर अब यह टैक्स ₹11 व एटीएफ पर ₹4 प्रति लीटर हुआ
- कच्चे तेल के घरेलू उत्पादन पर लगाए गए कर से भी राहत
- घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर टैक्स 23,250 रुपए से घटाकर 17,000 रुपए प्रति टन किया गया

रियल एस्टेट क्षेत्र की धारणा कमजोर

■ धारणा सूचकांक फिसलकर 62 अंक पर आया ■ फिर भी जून तिमाही में सकारात्मक रही धारणा

नई दिल्ली (भाषा)।

रियल एस्टेट क्षेत्र की धारणा अप्रैल-जून तिमाही के दौरान थोड़ा कमजोर हुई है, लेकिन यह सकारात्मक बनी हुई है।

नाइट फ्रैंक इंडिया-नारेडको का रियल एस्टेट धारणा सूचकांक-दूसरी तिमाही में घटकर 62 अंक पर आ गया है। यह जनवरी-मार्च तिमाही में 68 अंक पर था। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रमुख नीतिगत दर रेपो में दो दौर की कटौती की वजह से यह सूचकांक जून तिमाही में थोड़ा नीचे आया है। धारणा सूचकांक आपूर्ति पक्ष के अंशधारकों मसलन डेवलपर्स, निवेशक और वित्तीय संस्थानों के सर्वे पर आधारित है। इस सूचकांक के 50 से ऊपर होने का मतलब धारणा के सकारात्मक होने से है। वहीं इसके 50 से नीचे होने का आशय नकारात्मक धारणा से है।

नाइट फ्रैंक इंडिया-नारेडको ने कहा है कि मई और जून में रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में दो बार वृद्धि की गई है। इसकी वजह से मौजूदा धारणा सूचकांक में गिरावट आई है। अगले छह माह के लिए रियल एस्टेट क्षेत्र का परिदृश्य सकारात्मक है, लेकिन यह मार्च तिमाही की तुलना में इतना मजबूत नजर नहीं आ रहा है।

सबसे ऊंचा एफआरपी स्टैक लाइनर इन्स्टॉल

नई दिल्ली (वि.)। देश की प्रमुख इंडस्ट्रियल पाइपिंग सॉल्यूशन कंपनी केमिकल प्रोसेस पाइपिंग (सीपीपी) ने बीआईएफपीसीएल द्वारा एफजीडी प्लांट सेटअप में एफआरपी स्टैक (बड़ी चिमनी) के क्रियान्वयन की घोषणा की है। यह जीआरपी और एफआरपी पाइपों का निर्माण करने वाली अग्रणी कंपनी है। बीआएफपीसीएल भारत सरकार के स्वामित्व वाली नेशनल थर्मल पॉवर कॉरपोरेशन और बांग्लादेश पॉवर डेवलपमेंट बोर्ड के बीच 50:50 भागीदारी वाला संयुक्त उद्यम है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं के साथ सीपीपे 2024 तक 300 करोड़ रुपये वार्षिक कारोबार तक पहुंचने की उम्मीद कर रहा है जो कि एफआरपी पाइपिंग कंपनी के लिए पहली बार है। रामपाल, बांग्लादेश में 1,320 मेगावॉट वाले कोयला आधारित ऊर्जा संयंत्र के लिए 800 फीट ऊंची एफआरपी स्टैक का निर्माण कर यह उपलब्धि हासिल करने वाली यह पहली कंपनी है।

अगले साल शुरू में आ सकती है डिजिटल मुद्रा

नई दिल्ली, (भाषा)। भारतीय रिजर्व बैंक थोक और खुदरा क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) के क्रियान्वयन को लेकर काम कर रहा है। केंद्रीय बैंक के कार्यकारी निदेशक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) अजय कुमार चौधरी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में सीबीडीसी पेश किए जाने की घोषणा की थी। इसके लिए वित्त विधेयक पारित होने के साथ आरबीआई कानून, 1934 में संबंधित धारा में जरूरी संशोधन किए गए। चौधरी ने कहा कि वित्त विधेयक के पारित होने के साथ रिजर्व बैंक पायलट आधार पर सीबीडीसी का क्रियान्वयन करने की स्थिति में आ गया है। उद्योग मंडल फिक्की के पीआईसीयूपी फिनटेक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'आरबीआई थोक और खुदरा खंड में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा के चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वयन की दिशा में काम कर रहा है।'

सीबीडीसी डिजिटल मुद्रा है। हालांकि, इसकी निजी डिजिटल मुद्रा या क्रिप्टोकरेंसी से तुलना नहीं की जा सकती, जो पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। निजी डिजिटल मुद्रा का कोई जारीकर्ता नहीं है और किसी व्यक्ति के ऋण या देनदारियों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। देश की आधिकारिक डिजिटल मुद्रा 2023 की शुरुआत में पेश किए जाने की संभावना है। यह वर्तमान में उपलब्ध निजी कंपनी द्वारा संचालित इलेक्ट्रानिक वॉलेट की तरह होगी। सीबीडीसी सरकार समर्थित डिजिटल मुद्रा होगी।

मारुति ने 'ग्रांड विटारा' से उठाया पर्दा

नई दिल्ली (भाषा)। देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मध्यम आकार की एसयूवी श्रेणी में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को अपनी नई कार 'ग्रांड विटारा' से पर्दा उठाया है। कंपनी ने बताया कि यह कार मजबूत और माइल्ड हाइब्रिड तकनीक के साथ 1.5 लीटर के पेट्रोल पावरट्रेन इंजन में आएगी।

मारुति की ग्रांड विटारा का घरेलू बाजार में हुंडई की क्रेटा, किआ की सेल्टोस और टाटा हैरियर जैसे गाड़ियों से सीधा मुकाबला है। इस पेशकश के साथ मारुति सुजुकी मध्यम आकार की एसयूवी श्रेणी में अपनी उपस्थिति को बढ़ाने की योजना बना रही है। मारुति के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हिसाशी ताकेयूची ने विटारा को पेश करने के मौके पर कहा की भारतीय वाहन उद्योग प्रौद्योगिकी, ग्राहक वरीयताओं और क्रय शक्ति के मामले में बदलावों के दौर से गुजर रहा है।

ताकेयूची ने दावा किया कि विटारा एक लीटर पेट्रोल में 27.97 किलोमीटर चली सकती है, जो इसे देश की सबसे अधिक ईंधन कुशल एसयूवी बनाती है। इसके अलावा मारुति के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू बाजार में बड़ी गाड़ियों के लिए रुचि बढ़ रही है। श्रीवास्तव ने कहा, 'हर श्रेणी में हर तरह ग्राहक के लिए एक आदर्श कार जरूर होती है। मध्यम एसयूवी श्रेणी में ग्राहकों के लिए ग्रांड विटारा पूरी तरह से एक आदर्श कार है।'

सिट्रान ने कार का नया माडल पेश किया

नई दिल्ली (भाषा)। वाहन विनिर्माता सिट्रान इंडिया ने बुधवार को अपने नए माडल सी3 को 5.7 लाख रुपए की शुरुआती कीमत में पेश किया। कंपनी ने सी3 के रूप में भारत में सब-4 मीटर श्रेणी में अपना पहला माडल उतारा है। इसे 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ पेश किया गया है। स्टेलैंटिस समूह की कंपनी सिट्रान इंडिया ने सी3 माडल के शुरुआती संस्करण की कीमत 5.7 लाख रुपए तय की है जबकि शीर्ष संस्करण की कीमत 8.05 लाख रुपए रखी गई है। स्टेलैंटिस इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोलैंड बूचरा ने एक बयान में कहा कि सिट्रान ने सी3 के साथ भारत में बी-सैचबैक खंड में कदम रखा है। इसके ग्राहकों की पसंद पर खरा उतरने की उम्मीद है। इस माडल के 90 प्रतिशत से अधिक कलपुर्जो का स्थानीय स्तर पर उत्पादन हुआ है। देश के 19 शहरों में मौजूद अपने शोरूम से सी3 की बिक्री बुधवार से ही शुरू हो जाएगी।

केरल में छोटी दुकानों पर जीएसटी नहीं

तिरुवनंतपुरम (भाषा)। आवश्यक वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने के बढ़ते विरोध के बीच केरल सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसका कुदुम्बश्री जैसी संस्थाओं या छोटी दुकानों द्वारा एक या दो किलो के पैकेट में बेची जाने वाली वस्तुओं पर कर लगाने का कोई इरादा नहीं है। राज्य के वित्त मंत्री के एन. बालगोपाल ने केरल विधानसभा को बताया कि इस फैसले से केंद्र सरकार के साथ विवाद हो सकता है लेकिन राज्य समझौता करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पहले ही केंद्र को अपने रुख के बारे में लिख चुकी है। बालगोपाल ने कहा, 'सोमवार को मुख्यमंत्री ने इन चीजों के बारे में केंद्र को लिखा था।

एनसीएलटी का फ्यूचर के खिलाफ दिवाला कार्रवाई का निर्देश

मुंबई (भाषा)। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने कर्ज में डूबी फ्यूचर रिटेल लि. (एफआरएल) के खिलाफ दिवाला समाधान कार्रवाई शुरू करने की बैंक आफ इंडिया की अपील को स्वीकार कर लिया है। न्यायाधिकरण ने इस बारे में अमेजन की आपत्ति को खारिज कर दिया है।

बैंक आफ इंडिया की अपील को स्वीकार करते हुए एनसीएलटी ने विजय कुमार अय्यर को एफआरएल का समाधान पेशेवर (आरपी) नियुक्त किया है। एफआरएल ने बैंक आफ इंडिया के कर्ज के भुगतान में चूक की थी। इसके बाद इस साल अप्रैल में बैंक एफआरएल के खिलाफ एनसीएलटी में गया था।

राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को कुश्ती से सर्वाधिक पदक की आस

विनेश, साक्षी और बजरंग के लिए खोई लय हासिल करने का मौका

नई दिल्ली (एजेंसी)। 28 जुलाई 2022 से शुरू हो रहे राष्ट्रमंडल खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में भारतीय पहलवान पदक जीतने के इरादे के साथ उतरेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती के मुकाबले पांच अगस्त से शुरू होंगे। राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय कुश्ती पहलवानों को दबदबा रहा हैं। कुश्ती भारत के उन खेलों में शुमार है जिसमें हमें ओलंपिक पदक मिले हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में ईरान, रूस, जापान और कजाखस्तान जैसे कुश्ती के लिए मशहूर देश भाग नहीं ले रहे हैं। कनाडा और नाइजीरिया के पहलवान ही भारतीयों को कुछ चुनौती दे सकते हैं।

राष्ट्रमंडल खेल विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के लिऐ खोई लय हासिल करने का अच्छा मौका होगा। विनेश और साक्षी के अलावा बजरंग पूनिया के लिए भी यह खेल महत्वपूर्ण हैं जो टोक्यो ओलंपिक से पहले घुटने की चोट का शिकार हो गए थे जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती को पहली बार 1930 में शामिल किया गया था। भारत ने हालांकि कुश्ती में राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए कुश्ती में पहला पदक (स्वर्ण) लीला राम सांगवान ने 1958 में कार्डिफ में जीता था। उनके अलावा लाचमी कांत पांडे के हिस्से रजत पदक आया था। 1998 में कुश्ती को राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल नहीं किया गया था लेकिन 2002 में इस खेल की वापसी हुई थी।

कुश्ती में कुल 102 पदक जीते

राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कुश्ती में अब तक कुल 102 पदक जीते। भारत राष्ट्रमंउल खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा पदक जीतने के मामले में कनाडा के बाद दूसरे नंबर पर है। भारत ने कुश्ती में कुल 43 स्वर्ण, 37 रजत और 22 कांस्य पदक जीते हैं। ष्ट्रमंडल खेल-2010 में मेजबान भारत ने कुश्ती में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 19 पदक अपने नाम किए थे। उस समय भारत ने कुल 21 पहलवानों को मौका दिया था जिसमें से सिर्फ दो ही पदक जीतने में नाकाम रहे थे। 1958 के बाद जब भी भारत ने इन खेलों में हिस्सा लिया उसमें से अभी तक सिर्फ एक बार 1994 में ऐसा हुआ जब भारत के हिस्से एक भी स्वर्ण पदक नहीं आया। उस साल भारत ने कुल पांच पदक जीते थे जिसमें से दो रजत और तीन कांस्य पदक थे।

कुश्ती टीम

पुरुष फ्रीस्टाइल: रवि कुमार दहिया (57 किलो), बजरंग पूनिया (65 किलो), नवीन (74 किलो), दीपक पूनिया (86 किलो), दीपक (97 किलो), मोहित ग्रेवाल (125 किलो)

महिला टीम: पूजा गेहलोत (50 किलो), विनेश फोगाट (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो), साक्षी मलिक (62 किलो), दिव्या ककरान (68 किलो), पूजा सिहाग (76 किलो)

बजरंग और रवि पदक के प्रबल दावेदार

कुश्ती प्रतियोगिता में बजरंग और रवि से पदक के प्रबल दावेदार है। इन पहलवानों में भारत को पदक की उम्मीदें हैं। वहीं महिला वर्ग में पदक की सबसे बड़ी उम्मीदें विनेश फोगाट और साक्षी मलिक हैं। लेकिन इनके अलावा भी पुरुष वर्ग में दीपक पूनिया और महिला वर्ग में दिव्या और अंशु भी पदक की आस हैं। अंशु पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने पिछले साल 2021 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक और एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। दिव्या ने 2018 में राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य जीता था। इस युवा खिलाड़ी ने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। विनेश 2014 से लगातार दो बार स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं और इस बार उनकी नजरें स्वर्णिम हैट्रिक पर हैं। विनेश ने भी पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था। नवीन (74 किलो), दीपक (97 किलो) और मोहित ग्रेवाल (125 किलो) के लिये भी यह अच्छा मौका है।

राष्ट्रमंडल खेलों में निडर होकर खेलें खिलाड़ी : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रमंडल खेल 2022 के लिए चुनी गई भारतीय टीम के खिलाड़ियों से बात करते हुए कहा कि उन्हें दबाव लिए बिना अच्छा और दमदार खेल खेलना है। मोदी ने कहा, आने वाले 10-15 दिन भारतीय खिलाड़ियों के लिए दुनिया पर हावी होने का सुनहरा मौका है। मैं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं। जमकर खेलें, पूरी ताकत से खेलें और बिना किसी तनाव के खेलें। आपने वो डायलॉग तो सुना ही होगा- कोई नहीं है टक्कर में, कहां पड़े हो चक्कर में। आपको इसी रवैये के साथ खेलना है। मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार हिस्सा ले रहे 65 खिलाड़ियों पर विश्वास जताते हुए कहा कि वह भी अपनी छाप छोड़ने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा, जो 65 से ज्यादा एथलीट पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं, मुझे विश्वास है कि वो भी अपनी जबरदस्त छाप छोड़ेंगे। आप लोगों को क्या करना है, कैसे खेलना है, इसके आप एक्सपर्ट हैं। मोदी ने कहा, आप जैसे खिलाड़ियों का हौसला भी बुलंद है, ट्रेनिंग भी बेहतर हो रही है और खेल के प्रति देश में माहौल भी जबरदस्त है। आप सभी नए शिखर चढ़ रहे हैं, नए शिखर गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार को अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस है, और इत्तेफाक से 28 जुलाई को जब बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल शुरू होंगे तब भारत के महाबलीपुरम में शतरंज ओलंपियाड की शुरुआत भी होगी। इस दौरान खिलाड़ियों ने भी प्रधानमंत्री मोदी से अपने अनुभव साझा किए।

रैंकिंग: बुमराह के अलावा उनके साथी भारतीय गेंदबाजों को फायदा

बुमराह को पछाड़कर बोल्ट बने नबंर वन वनडे गेंदबाज

दुबई। भारत के शीर्ष गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ खेली गयी एकदिवसीय सीरीज के तीसरे मैच से बाहर रहने के कारण आईसीसी रैंकिंग में नुकसान हुआ है। आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार बुमराह की गैर-मौजूदगी में न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट 704 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले पायदान पर आ गए हैं, जबकि बुमराह 703 पॉइंट के साथ दूसरे पायदान पर हैं।

बुमराह एक तरफ जहां रैंकिंग में नीचे आये हैं, वहीं उनके साथी गेंदबाजों ने एकदिवसीय रैंकिंग में ऊपर की ओर छलांग लगायई है। युजवेंद्र चहल गेंदबाजो की फहरिस्त में चार पायदान ऊपर चढ़कर 16वीं रैंकिंग पर आ गए। चहल ने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रंखला में सात विकेट लिए थे, जबकि पांड्या ने छह विकेट लेकर 100 रन बनाये थे। युवा बल्लेबाज ऋषभ पंत ने इंग्लैंड श्रंखला के आखिरी मैच में 125 रन की नाबाद शतकीय पारी खेलकर 25 पायदान की विशाल छलांग लगायी और 52वें स्थान पर आ गए।

हार्दिक ऑलराउंडरों की सूची में शीर्ष -10 में शामिल

हार्दिक पांड्या ने ऑल-राउंडर रैंकिंग के शीर्ष-10 को भेदते हुए आठवां स्थान हासिल कर लिया। पांड्या बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी आठ पायदान चढ़कर 42वें स्थान पर आ गये, जबकि दक्षिण अफ्रीका के रैसी वान डेर डुसेन की रैंकिंग में सुधार के कारण रोहित शर्मा और विराट कोहली एक-एक पायदान नीचे खिसके हैं। वान डेर डुसेन दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार को खेले गये पहले एकदिवसीय मैच में शतक लगाकर तीन पायदान की उन्नति के साथ तीसरे स्थान पर आ गए हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम जहां एकदिवसीय रैंकिंग में अब भी शीर्ष पर बने हुए हैं, वहीं विराट कोहली चौथे और रोहित शर्मा पांचवें स्थान पर आ गए हैं। वान डेर डुसेन के हमवतन क्विंटन डिकॉक भी एक पायदान नीचे छठे स्थान पर आ गए हैं।

एफआईएच के कार्यवाहक अध्यक्ष बने सैफ अहमद

लौसेन। मिस्र के सैफ अहमद अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यवाहक अध्यक्ष चुने गये हैं। एफआईएच के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को यह सूचना दी। एफआईएच के पूर्व अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने सोमवार, 18 जुलाई को इस पद से इस्तीफा दे दिया था। बत्रा के स्थायी उत्तराधिकारी का चयन नवंबर में होना है। अफ्रीकी हॉकी महासंघ (एएफएचएफ) के अध्यक्ष अहमद की एफआईएच के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की घोषणा कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद हुई। बोर्ड ने इसी बैठक के दौरान बत्रा का इस्तीफा भी मंजूर किया। बोर्ड ने बताया कि इस साल की एफआईएच आयोजन चार और पांच नवंबर को वर्चुअली होगा, जिसके एक दिन बाद स्थायी अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए चुनाव आयोजित किया जाएगा।

भारतीय रैपिड फायर पिस्टल टीम ने जीता रजत पदक

विश्व कप में 15 पदक के साथ भारत का वर्चस्व कायम

चांगवन। अनीश भानवला, समीर और विजयवीर सिद्धू की भारतीय तिकड़ी ने बुधवार को निशानेबाजी विश्व कप की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।

भारत (578-193) और चेक गणराज्य (572-153) ने दूसरे क्वॉलिफिकेशन स्टेज में शीर्ष दो में जगह बनाकर स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया था, हालांकि फाइनल में चेक गणराज्य के मार्टिन पोद्रास्की, थॉमस टेहान और माटेज रामपुला से 15-17 से हारने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे स्थान पर संतोष किया। पहले क्वालि फिकेशन स्टेज में 866-283 के साथ भारत दूसरे स्थान पर रहा था। इसी बीच, कोरिया ने कांस्य पदक मुकाबले में जापान पर 17-1 से दमदार जीत दर्ज की। भारत ने विश्व कप में कुल 15 पदक (पांच स्वर्ण, छह रजत, चार कांस्य) जीतकर अपना वर्चस्व कायम रखा है।

पुजारा ने काउंटी क्रिकेट में लगाई दोहरे शतक की हैट्रिक

तीन दोहरा शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी

लंदन। चेतेश्वर पुजारा ने ससेक्स के कप्तान के रूप में अपने पहले मुकाबले में दोहरा शतक जड़ा। काउंटी क्रिकेट में पुजारा का यह तीसरा दोहरा शतक है। इसी के साथ वह 108 साल बाद ससेक्स की ओर से एक सीजन में तीन दोहरा शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

ससेक्स के लिए खेलते हुए पुजारा इस सीजन में 7 मैचों में 950 से ज्यादा रन बना चुके हैं। पुजारा के 231 रन और टॉम ऐल्सॉप के 135 रन की बदौलत ससेक्स ने मिडिलसेक्स के खिलाफ पहली पारी में 523 रन बनाए। टॉम हेन्स के चोटिल होने के कारण पुजारा को ससेक्स की कप्तानी सौंपी गयी। काउंटी क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम में जगह बनाने वाले चेतेश्वर पुजारा इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच की पहली पारी में सिर्फ 13 रन बना सके थे। हालांकि दूसरी पारी में उन्होंने अर्धशतकीय पारी खेली।

मैं टी20 विश्व कप एकादश में कोहली को जरूर जगह दूंगा : रिकी पोंटिंग

मेलबर्न। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज और कप्तान रिकी पोंटिंग का कहना है कि विराट कोहली के वर्तमान खराब फॉर्म के बावजूद वह उन्हें टी20 विश्व कप के पहले मैच में खिलाना पसंद करेंगे। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू कार्यक्रम के दौरान कहा, एक विपक्षी कप्तान या खिलाड़ी के रूप में मैं हमेशा ही विराट कोहली का सामना करने से डरूंगा। मुझे पता है कि उनके लिए यह कठिन समय चल रहा है, लेकिन सभी महान खिलाड़ी ऐसे दौर से गुजरे हैं और फिर वापसी भी करते हैं। विराट कोहली भी जल्द ही इससे उबर जाएंगे, यह बस थोड़े समय की बात है। कोहली ने सितंबर, 2019 से कोई अंतर्राष्ट्रीय शतक नहीं लगाया है।

राष्ट्रीय खेलों में मल्लखंब व योगासन शामिल

नई दिल्ली। भारत के लोकप्रिय खेल मल्लखंब और योगासन आगामी राष्ट्रीय खेलों में पहली बार शामिल किए जाएंगे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईओए ने कहा कि 27 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच होने वाले राष्ट्रीय खेलों में 36 खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। यह खेल गांधीनगर, अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट और भावनगर में आयोजित होंगे। केरल में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में 33 खेलों को शामिल किया गया था। यह खेल पांच साल के लंबे समय के बाद आयोजित हो रहे हैं। इस बार के आयोजन में जल क्रीड़ा,तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, कैनोइंग और कयाकिंग, साइकिलिंग, फेंसिंग, फुटबॉल, जिम्नास्टिक, गोल्फ, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, लॉन बॉल, मल्लखंब, नेटबॉल, रोलर स्केटिंग, रोइंग, रग्बी 7एस, शूटिंग, सॉफ्ट बॉल, सॉफ्ट टेनिस, स्क्वैश, टेबल टेनिस, टाइक्वांडो, टेनिस, ट्रायथलॉन, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, वुशु और योगासन को शामिल किया गया है।

श्रीलंका में नहीं होगा एशिया कप भारत व यूएई मेजबानी के दावेदार

आर्थिक व राजनीतिक संकट के चलते श्रीलंका का मेजबानी से इंकार

कराची। श्रीलंका क्रिकेट ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को बुधवार को बताया कि बोर्ड देश में आर्थिक और राजनीतिक संकट के कारण आगामी एशिया कप टी20 टूर्नामेंट की मेजबानी करने की स्थिति में नहीं है।

संकट के कारण एसएलसी ने हाल में लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के तीसरे सत्र को भी स्थगित कर दिया था। एसीसी के एक सूत्र ने कहा, श्रीलंका क्रिकेट ने सूचित किया है कि उनके देश में मौजूदा राजनीतिक और आर्थिक स्थिति के कारण, विशेषकर जब विदेशी विनिमय का सवाल हो तो उनके लिए देश में छह टीमों की इस बड़ी प्रतियोगिता की मेजबानी करना आदर्श स्थिति नहीं है। अधिकारी ने कहा कि एशिया कप का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में इस साल होने वाले टी20 विश्वकप से पहले अगस्त-सितंबर में होना है और ऐसे में एसीसी के अगले कुछ दिनों में घोषणा करने की संभावना है। उन्होंने कहा, यूएई अंतिम वैकल्पिक स्थल नहीं है, कोई और देश भी हो सकता है, भारत भी क्योंकि एसीसी और श्रीलंका क्रिकेट को पहले प्रतियोगिता के आयोजन की अंतिम स्वीकृति के लिए एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों से बात करनी होगी। एसीसी के एक सूत्र ने कहा, श्रीलंका क्रिकेट ने सूचित किया है कि उनके देश में मौजूदा राजनीतिक और आर्थिक स्थिति के कारण, विशेषकर जब विदेशी विनिमय का सवाल हो तो उनके लिए देश में छह टीमों की इस बड़ी प्रतियोगिता की मेजबानी करना आदर्श स्थिति नहीं है। अधिकारी ने कहा कि एसएलसी अधिकारियों ने सूचित किया है कि वे टूर्नामेंट की मेजबानी यूएई या किसी अन्य देश में करना चाहेंगे।

2023 में अपने विश्व चैंपियनशिप खिताब का बचाव नहीं करेंगे कार्लसन

लंदन। पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने बुधवार को कहा कि वह 2023 में अपने विश्व चैंपियनशिप खिताब को डिफेंड नहीं करेंगे। मौजूदा नियमों के मुताबिक कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के विजेता रूस के इयान नेपोम्नियाचची अब विश्व चैंपियनशिप में उपविजेता चीनी विश्व नंबर दो डिंग लिरेन के खिलाफ खेलेंगे। कार्लसन ने कहा, मैंने अपनी टीम के लोगों से, फिडे से और इयान से भी बात की है। निष्कर्ष यही है कि मैं एक और मैच खेलने के लिए प्रेरित नहीं हूं। मुझे बस लगता है कि मेरे पास हासिल करने के लिए बहुत कुछ नहीं है।

हार के साथ समाप्त हुआ स्टोक्स का एकदिवसीय करियर

चेस्टर ली स्ट्रीट। दक्षिण अफ्रीका ने रैसी वान डेर डुसेन (134) के शतक और एडेन मार्करम (77) के अर्द्धशतक की बदौलत इंग्लैंड को बेन स्टोक्स के एकदिवसीय करियर के आखिरी मैच में 62 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड के सामने 50 ओवर में 334 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन इंग्लैंड इसके जवाब में 271 रन पर ऑल-आउट हो गई। बेन स्टोक्स भी सिर्फ पांच रन ही बना सके। पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज जानेमन मलान (57) ने दक्षिण अफ्रीका को मजबूत शुरुआत दिलाई, जिसके बाद वान डेर डुसेन (134 रन) और मार्करम (77 रन) ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को पस्त कर विशाल स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से जो रूट ने सर्वाधिक 86 रन बनाए। इसके अलावा जॉनी बेयरस्टो ने 63 और जेसन रॉय ने 43 रन बनाए। अफ्रीका की ओर से आनरिक नोर्त्जे ने चार विकेट झटके।

मार्क वुड को करवानी होगी कोहनी पर एक और सर्जरी

लंदन। मार्क वुड ने खुलासा किया है कि उनके दाएं कोहनी पर इस हफ्ते एक और सर्जरी होनी है और इसके चलते वह इंग्लैंड के लिए इस घरेलू सीजन में उपलब्ध नहीं होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले वह मैदान पर वापसी कर लेंगे। वुड को वेस्टइंडीज के दौरे पर पहले टेस्ट के दौरान उनकी कोहनी में परेशानी शुरू हुई थी।

शफीक के शतक से पाकिस्तान विजयी, सीरीज में 1-0 की बढ़त

गॉल। पाकिस्तान के युवा सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक ने 160 रन की नाबाद शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में बुधवार को चार विकेट से जीत दिलायी। दो मैचों की टेस्ट श्रंखला में पाकिस्तान ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। श्रंखला का दूसरा मैच 24 जुलाई से गॉल के मैदान में ही खेला जाएगा। पाकिस्तान की टीम ने चौथी पारी में 342 रनों का लक्ष्य हासिल करके कमाल कर दिया अंतिम दिन पाकिस्तान को 120 रन की दरकार थी। विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने 40 रन की तेज पारी खेली, लेकिन उनके आउट होने के बाद पाकिस्तान के दो विकेट तेजी से गिर गए। आगा सलमान (12) और हसन अली (5) के आउट होने के बाद मोहम्मद नवाज (19 नाबाद) ने एक छोर संभाला। अंततः शफीक ने चौका लगाकर पाकिस्तान को जीत दिलायी। श्रीलंका की ओर से प्रभात जयसूर्या (चार विकेट) के अलावा सभी गेंदबाज सफल रहे। रमेश मेंडिस और धनंजय डि सिल्वा को एक-एक विकेट हासिल हुआ। कप्तान ने जयसूर्या से 56.2 ओवर करवाये, लेकिन उनका यह पैंतरा काम न आ सका।

झूमकर बरसे मेघ, शहर तर-बतर

भारी बारिश से बस्तियों में भरा पानी, बारिश के दौरान आवागमन रहा ठहरा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जुलाई माह का तीसरा सप्ताह बारिश का सौगात लेकर आया है। गुरुवार की भोर चार बजे से ही शुरू हुई बारिश दोपहर तक जारी रही। कभी तेज़, तो कभी धीमी बरसात होने से निचली बस्तियाँ जलमग्न हो गई। इससे आवागमन भी प्रभावित हो गया। सुबह 4 बजे से बारिश शुरू हो गई। लगभग 6 घण्टे तक तेज़ बारिश होने से पानी का वेग बढ़ गया, जिससे नाले-नालियों उफना गई और पानी सड़क पर बहने लगा। नगर की निचली बस्तियाँ पूरी तरह से जलमग्न हो गई और लोगों के घरों में पानी घुस गया। इसके बाद बारिश की रफ्तार कम हुई, लेकिन रिमझिम बरसात जारी बनी रही।

गुरुवार की भोर में हुई मूसलाधार बारिश के बाद घंटो सड़कों पर बारिश का पानी जमा रहा, वही नाले जाम होने से बारिश का पानी निकल नही पा रहा और जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। उधर मूसलाधार बारिश ने नगर पालिका की पोल खोल कर रख दी। सभी नाले जाम होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर ही रह गया, जिसके कारण लोगों का आवागमन बाधित हो गया और लोगों को पैदल चलने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बारिश के पानी के कारण और जाम नालो का पानी लोगो के घरों तक मे घुसने लगा है और साथ ही साथ दुकानदार के दुकानों तक भी पानी के पहुचने से उन्हें खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सरकारी कार्यालय भी बने ताल-तलैया- गाजीपुर । नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में सुबह हुई भारी बारिश से नाले या सड़क नहीं बल्कि दर्जनों सरकारी कार्यालय भी ताल तलैया बन गए। जिससे घंटो जलजमाव को लेकर अधिकार माथापच्ची करते रहे। उधर सरकारी कालोनी की स्थिति भी बेहाल रही।

ठहर गई थी जिंदगी- गाजीपुर। लगभग पूरे दिन रुक रुक कर हुई भारी बारिश के बाद भी जो लोग जहां थे वे वहां ही फंसे रह गए। एक जगह खडे-खड़े लोग उब भी चुके थे लेकिन आखिर बारिश के बाद सड़क के तालाब बनने पर लोग कर भी क्या सकते थे। लोगों के पास कोई विकल्प नहीं था। वही इस बारिश से धान की फसल को काफी फायदा होगा। क्योंकि पिछले दिनों तेज धूप के कारण किसानों को धान के फसल की चिंता सताने लगी थी लेकिन हुई बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है।

सपा का सदस्यता अभियान शुरू सदर विधायक से हुई शुरूआत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 5 जुलाई से शुरू हुई समाजवादी पार्टी की सदस्यता अभियान का सदर विधानसभा में शुभारंभ जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने गुरुवार को सदर विधायक जै किशन साहू को सदस्य बनाकर किया । इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने सभी नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी निभाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनायें । इस अभियान को गांव- गांव, मुहल्ले - मुहल्ले में सदस्यता कैंप लगाकर पार्टी की रीतियों नीतियों में विश्वास रखने वाले, पार्टी के शुभचिंतकों एवं समर्थकों को सदस्य बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जितने अधिक सदस्य बनायें जायेंगे पार्टी उतनी ही मजबूत होगी । विधायक जै किशन साहू ने इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है । समाजवादी पार्टी जैसे फौलादी, समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ता किसी भी दल के पास नहीं है। हमारे कार्यकर्ता संघर्ष में विश्वास रखते हैं।इन्हीं कार्यकताओं के बल पर समाजवादी पार्टी आज इस मुकाम पर हैं। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कड़ी मेहनत कर फिर से सत्ता में आने की ताकी समाज और प्रदेश की भलाई कर प्रदेश में हुकूमत कर रही साम्प्रदायिक एवं फासिस्टवादी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके । उन्होंने सभी कार्यकताओं से सदस्यता अभियान को सफल बनाने में तन- मन से जुटने की अपील किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गोपाल यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, आमिर अली, दिनेश यादव, डॉ समीर सिंह,असलम खां, बलिराम यादव,सोन्हू यादव, सुशील जायसवाल, आदित्य यादव, कन्हैया सिंह यादव, विभा पाल, गुड्डू यादव, राकेश यादव, राधेश्याम यादव, संतोष यादव,फेंकन यादव, रमेश यादव,राम औतार शर्मा, रामनारायन यादव, छन्नू यादव,पवन यादव,बचनू यादव, रीना यादव, नफीसा बेगम, रीता विश्वकर्मा , नन्हें, लड्डन खां, आजाद चाचा आदि उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने यूपी-112 के कर्मचारियों को दिया निर्देश

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने पुलिस लाइन सभा कक्ष में यूपी 112 के सभी कर्मचारियों की गोष्ठी आयोजित कर अपराध व

अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत आवश्यक निर्देश दिए। गोष्ठी में उन्होंने कहा कि पीआरवी वाहन किसी दशा में इवेंट पर पहुंचने के दौरान गलत उपस्थिति नहीं करेगी और रिस्पॉन्स टाईम कम से कम समय में होना चाहिये। रात्रि में हमेशा पीआरवी वाहन फ्लैश लाइट जलाते रहें, तथा इवेंट पर जाते समय और पेट्रोलिंग के दौरान हूटर का प्रयोग करें। उन्होंने निर्देशित किया कि पीआरवी को रात्रि के समय ऐसे स्थान पर खड़ी करें कि पीआरवी की दृश्यता जनमानस में बनी रहे। वहीं पीआरवी में ड्यूटी के दौरान स्टाफ सतर्क अवस्था में रहेंगे। जनपद में संचालित पीआरवी लगातार भ्रमणशील रहेंगे ताकि जनपद में अपराधों पर रोक लगे।

मंत्री दयाशंकर सिंह के पिता को रसड़ा में दी गई श्रद्धांजलि

रसड़ा (बलिया)। भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री व विधानसभा क्षेत्र रसड़ा के नेता ठाकुर मंगल सिंह सेंगर के आवास,कैम्प कार्यालय पर अपने परिवारिक रिश्तेदार बलिया सदर विधायक व उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह जी के पिता स्वर्गीय विंध्याचल सिंह का श्रधांजलि सभा कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें लोगों द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर भाजपा नेता ठाकुर मंगल सिंह ने स्वर्गीय विंध्याचल सिंह को एक सामजसेवी के रुप में समाज के हर वर्ग के लिए चलते रहना बताया तथा कहा कि आज उनके पुत्र प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह उन्ही के नक्शे कदम पर चलकर सर्व समाज की सेवा में लगें हैं।

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने सोनिया गांधी से की पूछताछ आल इंडिया रेलवे शु-शाईन वर्कस यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पटना में किया प्रदर्शन

प्रखर पूर्वान्चल पटना। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी दफ्तर बुलाया है।ईडी की उनसे पूछताछ भी शुरू हो गई है इसके विरोध में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी एव आल इंडिया रेलवे शु-शाईन वर्कस यूनियन राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राम की ओर से पटना में प्रदर्शन किया गया। कारगिल चौक से विरोध मार्च शुरू हुआ जो ईडी ऑफिस तक पहुंचा ` इसके बाद पटना के ईडी ऑफिस के बाहर भी कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया।ओमप्रकाश राम ने बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण होगा। वही चंदन कुमार ने कहा था कि हम किसी

हालत में सोनिया गांधी का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण होगा।उन्होंने यह भी कहा था कि नरेन्द्र मोदी की सरकार मनमानी कर रही है ईडी चाहती तो सोनिया गांधी से उनके घर पर आकर पूछताछ कर सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं कर उनका अपमान किया जा रहा है। जिन्होंने प्रधानमंत्री पद को त्याग दिया था और मिसाल कायम की थी। गांधी परिवार ने देश के लिए अपना बलिदान दिया है भाजपा को यह याद रखना चाहिए` राहुल गांधी से पूछताछ के समय भी विरोध किया गया था बता दें कि नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी से ईडी द्वारा पूछताछ के विरोध में भी कांग्रेस नेताओं, कार्यकताओं ने धरना-प्रदर्शन किया था।

पहली बारिश ने खोली प्रशासन की पोल

प्रखर केराकत जौनपुर। बारिश को लेकर जनपद भर में पूजा अर्चना व मस्जिदों में नवाज पड़ कर बारिश के लिये दुआ मांगी गई यहां तक कि

अधिवक्ताओं में पत्रक के माध्यम से जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग भी शासन से की। बुधवार की रात दुआ सफल भी हुई और मूसलाधार बारिश हुई सुबह जब किसानों की नींद खुली तो खेतो में पानी देख चेहरे खिल उठे।और जोर शोर से धान की रोपाई करने में लग गए तो वही सड़को, विद्यालय, अंडर पास समेत महिला चौकी भी जलमग्न होती दिखाई पड़ी बता दे कि गुरुवार की सुबह केराकत चौराहे से लेकर थाने के गेट तक सड़क पर पूरी तरह से जलमग्न हो गई साथ ही रिपोर्टिंग महिला चौकी भी पानी से घिरा दिखा हालाकि लोग किसी तरह जलमग्न हुई सड़को पर आते जाते देखे गये वही अगर हम बात करे विद्यालय की तो प्राथमिक विद्यालय ब्राह्मणपुर झमका, दिल्ला का पूरा प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय गंगौली पूरी तरह से जलजमाव से घिरा रहा। भैरोभानपुर के मुरलीपुर गांव में बने रेलवे अंडर पास व पचवर रेलवे अंडर पास में बारिश का पानी खुसा जिस को लेकर लोगो का आवागमन बाधित रहा बारिश से होने वाले समस्याओं से कब आम जनता को निदान मिलेगा यह अपने आप में बड़ा सवाल खड़ा करता है? क्योंकि बारिश आने से पहले ही बारिश से निपटने के लिए भारी भरकम लागत से नलों की साफ सफाई की जाती है ताकि बारिश के दिनो मे जलजमाव ना हो सके पर आलम यह है कि बारिश के दिनो मे सारे वादे खोखले दिखते हुए नजर आते है लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर होते दिखाती देते है।

छेड़खानी से तंग छात्रा ने मनचलों को चप्पल से जमकर पीटा

प्रखर निचलौल महाराजगंज। तीन मनचलों को एक स्कूली छात्रा से छेड़खानी करना महंगा पड़ गया। मन्सबलों को इस बात का अंदाजा नहीं था की छात्राएं अब विरोध करने के साथ ही जरूरत पड़ने पर पिटाई भी करेंगी। ऐसा ही मामला यहां सामने आया है। छात्रा ने तीन मनचलों को चप्पलों से जमकर पिटाई किया। इधर किसी ने पिटाई का वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर डाल दिया जो वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपी तीनों मनचलों के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी जो निचलौल में एक कॉलेज की छात्रा है। कॉलेज से अपने घर वापस जा रही थी कि रास्ते में अकेला पाकर तीन मनचले छात्रा के साथ छेड़खानी करने लगे। छात्रा ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने तीनों मंचलों को पकड़ लिया। इसके बाद छात्रा ने तीनों मनचलों की चप्पलों से जमकर पिटाई कर दी। इसी बीच किसी ने पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

राजभाषा हिन्दी को करें प्रोत्साहित: निर्मल दुबे

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। यूनियन बैंक आफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय में अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के 24 केन्द्रीय कार्यालयों के शाखा प्रमुख तथा सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सभी उपस्थित सदस्यों ने प्रार्थना के साथ किया। सहायक महाप्रबंधक क्षेत्रीय

कार्यालय यूनियन बैंक आफ इंडिया सह अध्यक्ष धर्मेंद्र राजोरिया नराकास ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नराकास के सदस्य सचिव अनुराग सिंह ने नगर के सभी 24 केन्द्रीय कार्यालयों के राजभाषा हिन्दी संबंधी छमाही कार्यों की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने पिछली बैठक के निर्णयों के अनुपालन के साथ साथ नराकास के आय-व्यय का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि निर्मल कुमार दुबे सहायक निदेशक क्षेत्रीय कार्यालय गाजियाबाद राजभाषा गृहमंत्रालय भारत सरकार ने नराकास के कार्यों की सराहना करते हुए सुझाव दिया कि थोड़े और प्रयत्न से नराकास गाजीपुर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धि दर्ज करा सकता है।

उन्होंने सभी 24 कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों का आह्वान किया कि आप सभी लोग अपने अपने कार्यालयों में राजभाषा, गृह मंत्रालय की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक हिन्दी का प्रयोग करने के लिए सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहित करें। धर्मेंद्र राजोरिया ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हम सभी की मातृभाषा हिन्दी है इसलिए किसी को भी इसके प्रयोग में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

कार्यक्रम में राहुल कुमार सिंह, आईडीबीआई बैंक, मुकेश कुमार वर्मा केन्द्रीय विद्यालय, इकरामुद्दीन सिद्दीकी आदि कार्यालय प्रमुख एवं अन्य सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही है। कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय विद्यालय के हिन्दी प्रवक्ता नीरज राय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन अम्बेडकरनगर से आए बैंक आफ बड़ौदा के राजभाषा अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने किया।

एसपी ट्रैफिक की टीम जहां यातायात नियंत्रण कर रही है वही क्राइम कंट्रोल व लापता लोगों के समान को भी कर रही बरामद

प्रखर गोरखपुर। जिले में जाम की समस्या एक आम बात हो गई थी खासतौर से सोमवारी जाम से जहां लोगो को राहत मिला। नगर निगम परिसर में बने आईटीएमएस में कंट्रोल रूम के जरिए शहर के 21 चौराहे पर यातायात व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है जिसका परिणाम है कि लोग यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कर रहे हैं वही पुलिस को इन सीसीटीवी कैमरे से क्राइम कंट्रोल करने ने भी काफी मदद मिल रही है बहुत से लोगों के समान यात्रा के दौरान ऑटो रिक्शा में छूट जाया करते थे जिसका कोई पता नहीं चलता था अब ऐसे लोगों के लापता समान को भी एसपी ट्रैफिक डॉक्टर एमपी सिंह की टीम इन्हें खोजने में भी मदद कर रही है । शहर के इन 21 चौराहे पर अगर कोई क्राइम होता है तो उसके खुलासे में आईटीएमएस कंट्रोल रूम में तैनात ट्रैफिक पुलिस की मदद से अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को मदद मिल रही है। एसपी ट्रैफिक डॉक्टर एमपी सिंह ने बताया कि आईटीएमएस का मुख्य उद्देश्य की शहर में ट्रैफिक वायलेंस को कंट्रोल करना यातायात व्यवस्था सुचारू से चलती रहे सर्विसलांस के कैमरे 21 चौराहे पर लगे हुए हैं उसके माध्यम से हम ट्रैफिक वायलेंस को कंट्रोल करते हैं उसी के अनुसार चालान करते हैं कई बार कई लोगों का सामान ऑटो में छूट जाता है या किसी ऑटो वालों ने जानबूझकर नहीं बताया उसको ट्रेस करने के लिए ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारी कार्य करते हैं ट्रैफिक के कर्मचारी नौशाद अली व रितिका शुक्ला द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है जिन लोगों का सामान छूट गया उसे बुलाकर वापस किया गया कर्मचारियों ने ईमानदारी का परिचय दिया है। इसके साथ ही कई बार अपराधी भी पकड़ में आये हैं अगर कोई अपराधी अपराध करके भागता है तो उसे भी पहचान लिया जाता है आईटीएमएस यातायात नियंत्रण के साथी ही अपराधिक घटनाओं को नियंत्रण करने में मददगार साबित हो रहा है। जनपद में अपराध के नियंत्रण या लोगों का खोया हुआ सामान बरामद करने के 23 मामलों को सॉल्व किया गया।

फाइलेरिया मरीजों को वितरित किया गया किट

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। फाइलेरिया जिसे हाथीपांव भी कहा जाता है जिसके जद में आने से पीड़ित के पांव हाथी पांव की तरह हो जाते हैं। जिसको देखते

हुए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से फाइलेरिया उन्मूलन के कई तरह के कार्यक्रम लगातार चलाए जाते हैं। जिसको लेकर पिछले दिनों नाइट ब्लड सर्वे भी कराया गया। जिसमें बहुत सारे मरीज फाइलेरिया के चिन्हित किए गए इन सभी लोगों का दवा भी शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से फाइलेरिया से पीड़ित मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पर पाथ संस्था के द्वारा मंगलवार को एक किट मुहैया कराया गया है। जिससे वह अपने हाथीपाँव को बढ़ने से या उसके परजीवी किसी अन्य व्यक्ति में जाए उसे रोकने की एक पहल है।चिकित्सा अधीक्षक डॉ आशीष राय ने बताया कि फाइलेरिया रोकथाम के लिए नाइट ब्लड सर्वे मई माह में तिवारीपुर में कराया गया था। जिसमें 4017 लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया । जिन्हें मई माह में फाइलेरिया की दवा खिलाया गया था। ताकि फाइलेरिया का संक्रमण आगे ना बढ़े उसी अभियान के तहत किट का वितरण किया जा रहा है।पाथ संस्था के जिला प्रतिनिधि अरुण कुमार ने बताया कि किट वितरण की यह योजना फाइलेरिया मुक्ति अभियान एमएमडीपी योजना के तहत किया जा रहा है। जिसमें 10 रोगियों को यह किट का वितरण किया गया है। इस किट के वितरण करने का मुख्य उद्देश्य जिन्हें यह रोग हो चुका है उसके रोकथाम करने में बहुत ही अहम भूमिका निभाएगा। इस किट में एक बाल्टी, 1मग, साबुन ,तोलिया और क्रीम शामिल है।किट वितरण के इस कार्यक्रम में बीपीएम संजीव कुमार, बीसीपीएम मनीष कुमार, आशा सरिता राय, आशा संगिनी सुनीता पांडे, लाली सहित अन्य कई कर्मचारी शामिल रहे।

शराब के लिए रुपये नहीं देने पर मनबढ़ ने पशु चिकित्सक पर चलाई गोली, पुलिस के हवाले किया गया आरोपित

प्रखर गोरखपुर। जिले में शराब के लिए रुपये नहीं देने पर मनबढ़ ने गगहा थाना क्षेत्र के हाटा बाजार में पशु चिकित्सक पर गोली चला दी। गनीमत थी कि गोली पशु चिकित्सक को नहीं लगी। उन्होंने बाजार में मौजूद लोगों के सहयोग से आरोपित को दौड़ाकर पकड़ लिया और उसे पुलिस को सौंप दिया। गगहा पुलिस इस मामले को लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी।

संक्षिप्त खबरें

पानी निकासी को लेकर विवाद में हवा में लहरा तमंचा

प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के पोरईकला में असाढ़ की पहली बरसात में घर के सामने जमा पानी निकासी को लेकर दो सगे भाई भिड़ गए । बात इतनी बढ़ी की एक पक्ष हवा में तमंचा निकाल दिया । सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोंनो पक्षों को हिरासत में लेकर थाने लाई तमंचा मिलने की बात पुलिस इंकार कर रही है । बताया जाता है कि उक्त गांव में बारिश का जमा पानी निकासी को लेकर दो सगे भाई किशोरे यादव और अखिलेश उर्फ मोदे से गुत्थम गुत्थी होने लगी । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक पक्ष ने हवा में तमंचा निकाल दिया । किसी अनहोनी से पहले घर के अन्य सदस्यों ने तमंचा छीन लिया । सूचना मिलने पर पहुँची पुलिस ने तमंचा समेत किशोरे और अखिलेश और अन्य को हिरासत में ले लिया । इस बाबत पूछे जाने पर एसओ यजुर्वेन्द्र सिंह ने बताया कि पानी निकासी को लेकर विवाद था, जाँच की जा रही है । तमंचा मिलने की बात से सिरे से इनकार किया है ।

भाजपा प्रत्याशी के लिए पर्चा वापस

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बुधवार को जिला पंचायत करण्डा द्वितीय के लिए अजितपासवान ने अंतिम दिन नामांकन किया था। भाजपा के घोषित प्रत्याशी शैलेश कुमार राम के समर्थन में जिला संगठन के निदेशों का पालन करते हुए उन्होंने अपना नामांकन पत्र वापस लेने का निर्णय लिया है।अजीत पासवान ने गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज सिंह चंचल एवं मंडल अध्यक्ष गोपाल राय से अपने सहयोगी साथियों के साथ मुलाकात की। इस दौरान वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी का एक समर्पित कार्यकर्ता हूं और पार्टी नेतृत्व के निर्णय का स्वागत करते हुए उसका समर्थन करता हूं। पार्टी प्रत्याशी शैलेश कुमार राम को जीत दिलाने के लिए मैं पूरी तत्परता और तन्मयता से लगकर पार्टी की ऐतिहासिक जीत में सहयोगी रहूंगा। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता सोमारू चौहान, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा, प्रधान चांडीपुर प्रदीप राय मंटू, क्षेत्र पंचायत सदस्य पियूष राय, श्रवण राय विक्की, अमित राय, पवन राय, अनुराग सिंह, रत्नेश सिंह, स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेश सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अमितेश मिश्रा, विनित दुबे आदि मौजूद रहे।

रोहित बने जिलाध्यक्ष एवं सौरभ पाठक सचिव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन शाखा गाजीपुर उत्तर प्रदेश की मासिक बैठक संगठन भवन अंधऊ पावर हाउस पर हुई जिसमे आज की सभा में जिले के समस्त अवर अभियंता व सहायक अभियंता सम्मिलित हुए। सभा में वर्तमान जनपद अध्यक्ष पंकज कुमार और जनपद सचिव रवि चौरसिया के अन्यत्र जिले में स्थानांतरण हो जाने के फलस्वरूप समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अवर अभियंता रोहित कुमार को अपना जनपद अध्यक्ष और अवर अभियंता सौरभ कुमार पाठक को अपना जनपद सचिव चुना गया वही नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि जूनियर इंजीनियरो के साथ क्षेत्रों में आ रही परेशानियों और प्रबंधन द्वारा बिना मैन मटेरियल और मनी उपलब्ध कराएं बिना एकतरफा कार्रवाई का विरोध किया वही वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु और वर्षा ऋतु का समय है लेकिन कई पावर हाउस पर फीडर की ट्रिपिंग नहीं होने से तार टूटने पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है जिसके बारे में कई बार पत्राचार किया जा चुका है लेकिन ट्रिपिंग सही नहीं कराई जा रही है वही आंधी बारिश के मौसम में पोल टूट जाने पर भी उनको बदलने की तत्काल व्यवस्था विभाग द्वारा नहीं कराए जाने से जूनियर इंजीनियर को क्षेत्रों में उपभोक्ताओं के रोष का सामना करना पड़ता है' जेई तापस कुमार द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के शीर्ष प्रबंधन की मनमानी रवैया एवं नियम विरुद्ध तरीके से एक तरफा कार्यवाही करते हुए दिनांक 7 जुलाई 2022 को वरिष्ठता एवं एसीपी संबंधी निर्गत प्रतिगामी आदेशों का कड़ा विरोध किया। वही आज की सभा में मुख्य रूप से अवर अभियंता अविनाश कुमार, रोहित कुमार , गुड्डू चौहान ,हर्षित राय, नीरज कुमार, रामप्रवेश, शशिकांत, जितेंद्र कुमार, इंद्रजीत पटेल, कुलदीप, अमित गुप्ता, प्रिंस कुमार, चित्रसेन प्रसाद व समस्त अवर अभियंता उपस्थित रहे। वह सभा की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार मौर्या ने किया एव संचालन मिथिलेश यादव ने किया।

ट्रांसफार्मर जला लोग बेहाल

प्रखर ब्यूरो भांवरकोल/गाजीपुर। स्थानीय क्षेत्र के कनुवान गांव के विद्युत आपूर्ति के लिए लगा 100 के वी ए का ट्रांसफार्मर पिछले एक सप्ताह से जल जाने से सौ से अधिक परिवारों को अंधेरे में रहने को विवश हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी अभी तक नहीं बदले जा सकने से लगभग 120 परिवारों के घरों में अधेरा है जिसकी कोई सुधि लेने वाला नहीं है। कनुवान गांव में विगत एक सप्ताह से 100 के वी ए का ट्रांसफार्मर जल पड़ा है। इस ट्रांसफार्मर से लगभग 120 परिवारों को बिजली के बत्ती और पंखे आदि चलाने के अलावा निजी नलकूपों के लिए भी बिजली आपूर्ति की जाती है। साथ ही इस ट्रांसफार्मर से चलने वाले दो निजी नलकूप भी बंद पड़े हैं। जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि शिकायत के 48 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदल दिया जाना चाहिए। इस सम्बन्ध में उपभोक्ता रवीन्द्रनाथ पांडेय, परशुराम उपाध्याय, गोपाल पांडेय, परशुराम लाल, ओमप्रकाश पांडेय, परमात्मा जायसवाल, सियाराम राय तथा दयाशंकर राय आदि उपयोक्ताओं ने बताया कि इस समस्या के बावत ट्रांसफार्मर बदलने के लिए विभाग के अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है। साथ हि विभागीय पोर्टल पर भी अवर अभियंता सहित विभाग के आला अफसरों को अवगत कराने के बावजूद आज तक इसे बदला गया है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता संजय कुमार सिंह ने बताया के उपभोक्ता द्वारा अपनी शिकायत विभाग में दर्ज कराए जाने पर ही ट्रांसफार्मर बदला जाता है अथवा विभागीय अवर अभियंता भ्रमण कर जले हुए ट्रांसफार्मर की स्थिति यदि विभाग को बताएं तब भी ट्रांसफार्मर बदल दिया जाता है। बहरहाल अधिशासी अभियंता को भी जले ट्रांसफार्मर बदलने की सूचना के एक सप्ताह बाद भी नहीं बदला गया। यह विभाग की हीलाहवाली एवं कार्यशैली को साफ उजागर कर रहा है, जिसका खामियाजा सौ से अधिक परिवारों को भुगतना पड़ रहा है।



अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने सीएम योगी को लिखा पत्र उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए भी एक चिकित्सा सहायता स्कीम जारी होनी चाहिए

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। शशांक शेखर त्रिपाठी अधिवक्ता भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र का संयोजक ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ जी महाराज से कहा की आपसे करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए भी एक चिकित्सा सहायता स्कीम जारी होनी चाहिए जैसे उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों के लिए जारी हुई है महोदय आप को बड़े दुख के साथ यह बताना चाह रहा हूं कि उत्तर प्रदेश में 70% से ज्यादा अधिवक्ताओं की स्थिति स्वयं के अथवा परिवार के किसी सदस्य के बीमार होने पर लाचार हो जाती है उन्हें किसी प्रकार से आर्थिक मदद नहीं मिलती और उनका वकालत का व्यवसाय भी प्रभावित हो जाता है` अधिवक्ताओं के पास अन्य किसी प्रकार से भी आय का साधन नहीं होने के कारण जब अधिवक्ता बीमार होता है तो एक तरफ तो उसकी आमदनी चली जाती है दूसरा शारीरिक रूप से कमजोर हुआ असक्षम हो जाने की वजह से दौड़ भाग का काम करने में भी असमर्थ हो जाता है उत्तर प्रदेश के 600000 से भी अधिक अधिवक्ता आप से यह अपेक्षा करते हैं कि आप समाज के हर वर्ग के लिए सहयोग व सहायता का कार्य कर रहे हैं तो लोकतंत्र के अभिन्न अंग अधिवक्ताओं के विषय में भी आप चिंतन करेंगे ` अधिवक्ताओं के लिए यदि 500000 तक के चिकित्सा सहायता की कोई योजना सरकार लाती है तो इससे अधिवक्ताओं के एक बड़े वर्ग को भी भारतीय जनता पार्टी का समर्थक बनाया जा सकेगा जिसका निश्चित ही लाभ आने वाले लोकसभा चुनाव में मिलेगा अधिवक्ता अपने साथ अच्छा करने वाले को कभी नहीं भूलता है और उसके लिए हमेशा संघर्ष करने के लिए भी तैयार रहता है` मुख्यमंत्री जी अधिवक्ता के रूप में कार्य करते हुए एक व्यक्ति समाज में होने वाले बहुत प्रकार की अराजकता व अत्याचार को रोकता है क्योंकि जब कोई गरीब व्यक्ति किसी ताकतवर के द्वारा से सताया जाता है तो सबसे पहले वह अपने आसपास के किसी वकील के पास ही जाता है और वकील मात्र कुछ फीस के बदले में उसकी सारी समस्याओं को अपने ऊपर ले लेता है और उसके लिए विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों और न्यायालय में भी उसकी पैरवी करता है परंतु जब अधिवक्ता बीमार पड़ता है अथवा उसके परिवार में उसका कोई आश्रित बीमार पड़ता है तो अधिवक्ता लाचार हो जाता है और अपनी वकालत को भी ठीक ढंग से नहीं कर पाता है इस हेतु आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि आप अधिवक्ताओं के विषय में भी चिंतन करते हुए अधिवक्ताओं के लिए भी कैशलेस चिकित्सा सहायता की स्कीम अवश्य जारी करेंगे इस हेतु हम अधिवक्ता गण आपके आजन्म ऋणी रहेंगे` भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र का संयोजक होने के नाते उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य अधिवक्ताओं की आवाज आप तक पहुंचाना मेरा परम धर्म है इस हेतु आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि मेरे इस प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेकर अधिवक्ताओं है तो भी कम से कम 500000 की कैशलेस चिकित्सा सेवा की योजना जारी की जानी चाहिए इस हेतु मैं आपको यह वचन देता हूं कि अधिवक्ता समाज आपका ऋणी रहेगा।

वध हेतु ले जाए जा रहे 30 राशि गोवंश बरामद व 2 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर अहरौरा,मिजार्पुर। स्थानीय पुलिस द्वारा वध हेतु जंगल के रास्ते बिहार ले जाए जा रहे 30 राशि गोवंशो को बरामद कर 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया । उ0नि0 गिरेन्द्र कुमार राय मय हमराह देखभाल क्षेत्र में भ्रमणशील/गस्त मे मामूर थे कि इसी दौरान मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि बैजू बाबा पेट्रोल पम्प के पास तस्करो द्वारा कुछ राशि गौवंश ले जा रहे है । मिली सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुँच कर 30 राशि गोवंश को बरामद कर 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार किया गया । उक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर गोवध अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर 1-निरंजन पुत्र स्व0 रामाधार चौहान निवासी ग्राम हमीरपुर थाना चांद जिला कैमूर भभुआ बिहार, उम्र करीब 45 वर्ष । 2-सतनू उर्फ सन्तू चौहान पुत्र शारदा चौहान निवासी ग्राम सोंगर थाना चांद जिला कैमूर भभुआ बिहार, उम्र करीब 28 वर्ष को विधिक कार्रवाई कर जेल भेजा गया।

विश्व हिंदू सेना के पूर्वांचल अध्यक्ष सौरभ मौर्या ने जिलाधिकारी एवं कमिश्नर वाराणसी को सौंपा ज्ञापन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्व हिंदू सेना के पूर्वांचल अध्यक्ष सौरभ मौर्य द्वारा जिलाधिकारी वाराणसी के मौजूद रहने पर अपर जिलाधिकारी वाराणसी नगर को ज्ञापन दिया गया, जिसमें जिलाधिकारी महोदय से यह अपील की गई है कि बाबा काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन एवं पूजन करने की जो शुल्क में वृद्धि की गई है, उसे पहले के दौरान नॉर्मल किया जाए और साथ ही साथ अब तक जितनी भी शुल्क ली गई है, उसे सार्वजनिक किया जाए और यह बताया जाए कि उन शुल्क से अभी तक किस मद में पैसे खर्च किए गए हैं। सौरभ मौर्या ने यह भी बताया गया की ज्ञापन में विश्व हिंदू सेना द्वारा श्रावण के पवित्र माह में द्वितीय शुक्रवार को कार सेवा करने की अनुमति प्रदान करने की अपील की गई है। सौरभ मौर्या ने कहा कि दूसरा ज्ञापन वाराणसी पुलिस आयुक्त को दिया गया, जिसमें विश्व हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अरुण पाठक जी को जिन जिहादियों द्वारा चिट्ठी भेजकर धमकी दी गई थी, उसी एवज में वाराणसी पुलिस से अपील की गई है कि माननीय पाठक जी के परिवार को पुनः सुरक्षा मुहैया कराया जाए। सौरभ मौर्य ने कहा की धमकी भरे चिट्ठी को लेकर मुकदमा तो दर्ज कर लिया गया और मात्र 2 दिन के लिए सुरक्षा मुहैया कराया गया था, मगर अभी भी माननीय पाठक जी का परिवार डर और सदमे में जी रहा है। इस ज्ञापन में पुनः अपील किया गया है कि माननीय पाठक जी के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराया जाए।

सनबीम स्कूल सारनाथ ए.पी.ए.सी 4 एकुकेशनल लीडरशिप अवार्ड 2022 से सम्मानित एवं प्रथम विद्यार्थी परिषद का अलंकरण समारोह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सनबीम स्कूल सारनाथ को ए.पी.ए.सी 4 एकुकेशनल लीडरशिप अवार्ड 2022 की ओर से शैक्षिक गुणवत्ता एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इमर्जिंग स्कूल ऑफ द ईयर पुरस्कार प्रदान किया गया है। सनबीम शिक्षण समूह के बोर्ड मेम्बर्स ने आज के समारोह में प्रधानाचार्या महोदया को यह पुरस्कार प्रदान किया और समस्त विद्यालय परिवार को इसके लिये बधाई दी और सबका उत्साहवर्धन किया। सनबीम स्कूल सारनाथ का प्रथम विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सनबीम शिक्षण समूह के ऑनरेरी डायरेक्टर हर्ष मधोक ने विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को ध्वज प्रदान किया। इसके उपरांत विद्यालय की प्रधानाचार्या सौमिता चटर्जी के द्वारा विद्यार्थी परिषद के सदस्यों उत्कर्ष सिंह (हेडबॉय), क्षिति ठाकुर (हेडगर्ल), समर्थ त्रिपाठी (कैप्टन), शाश्वत रमन (डिसिप्लिन हेड), यशविता (हेल्थ- हाइजिन इंस्पेक्टर), रितिका (लिटरेरी हेड), शाक्यांश प्रियदर्शी (सायबर कैप्टन), देवांश राय (असेम्बली इंचार्ज) को पद एवं उत्तरदायित्व की शपथ दिलायी हेड बॉय और हेड गर्ल ने 100 दिन की योजना साझा की` सनबीम शिक्षण समूह के चेयरमैन श्री दीपक मधोक, डायरेक्टर भारती मधोक, उपनिदेशिका अमृता बर्मन, ऑनरेरी डायरेक्टर हर्ष मधोक ने विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को बधाई दी और उन्हें अपनी कर्तव्यों और दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने हेतु प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या महोदया के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन किया गया।

बारिश से लौटी किसानों के चेहरे पर चमक

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। सूखा की काली छाया तले जी रहे किसानो के लिए श्रावण मास की पहली बारिश की आसमान से झरती बूंदों ने जैसे निर्जीव तन में जान ला दी हो।खेत में पानी के अभाव में सूख रही धान की नर्सरी को जहां नव जीवन मिल गया है वहीं तैयार धान के संडो की रोपाई के लिए किसान खेतों में दिखाई देने लगे हैं। जुताई किए खेतों में पानी लगने से किसानों के चेहरे पर चमक लौट आई है। यहां तक की पानी की आश लगाए खेती किसानी से जुड़े युवक युवतियों ने मौसमी गीतों से सावन की बरसती बूंदों के बीच वरुण देवता का स्वागत और धन्यवाद देते हुए गीत गा गा कर "अरे रामा रिमझिम बरसेला पनियां करबे धान रोपनियां ना"। अपने कार्य को मोकाम तक पहुंचाने में लग गए हैं। विदित हो कि आषाढ महिना पूरा का पूरा बिना पानी बीत जाने तथा सावन महिना के भी आधा से अधिक समाप्त हो जाने के चलते किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने लगी थी। परंतु बुधवार की दोपहर से बादलों की आपाधापी ने निराशा को आशा में बदलते हुए बृहस्पतिवार को जमकर बरसात का अहसास कराया।

पानी के टंकी का एक पम्प खराब, कभी भी बंद हो सकता है सप्लाई

प्रखर मिजार्पुर। जमालपुर भुईली,विकास खण्ड-जमालपुर में पेयजल की आपूर्ति के लिए जल निगम द्वारा पानी का टंकी लगा हुआ है।जिसको भरने के लिए छोटा-बड़ा दो पंप लगा है।दो-दो पंप इसलिए लगाया गया है कि यदि एक पंप खराब होता है तो भी लोगों को पानी की सप्लाई में कोई बाधा उत्पन्न न हो,दुसरे पंप से भी पानी टंकी को भरा जा सके।इधर पंद्रह-बीस दिनों से एक पंप खराब है जिसको जल निगम द्वारा मरम्मत के लिए ले जाया गया है,लगभग बीस दिन हो गये लेकिन अभी तक मरम्मत होकर नहीं लग सका,पहले भी पंप खराब हुआ था लेकिन मरम्मत में एक सप्ताह से ज्यादा समय कभी भी नहीं लगा। ग्राम प्रधान अनिता जायसवाल द्वारा पंप मरम्मत को लेकर संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराया जा रहा है लेकिन धीरे-धीरे बीस दिन बीतने को है लेकिन अभी तक पंप बनकर नहीं लग पाया।

आजादी के 75वें वर्ष मनेगा स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव

ज्योति प्रकाश बने आयोजन समिति के संयोजक तथा आशा पाठक बनीं सह संयोजक, सभी परिषदीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में होगा आयोजन

प्रखर वाराणसी। देश की स्वतंत्रता के पचहत्तरवें वर्ष के अवसर पर 1 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पूरे देश के एक लाख विद्यालयों में स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव आयोजित करने का लक्ष्य रखा है जिसके क्रम में जनपद वाराणसी के सभी परिषदीय प्राथमिक एवं पुर्व माध्यमिक विद्यालयों में अमृत महोत्सव आयोजन करने तथा जनपद के 108 संकुलों के न्यूनतम तीन-तीन विद्यालयों समेत कुल 324 विद्यालयों में स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव का विशेष आयोजन करने का निर्णय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी की कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया।

बैठक में जनपद के विद्यालयों में स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव आयोजन के लिए एक 18 सदस्यीय जिला समिति का निर्माण किया गया जिसका संयोजक कार्यकारी जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश को तथा सह संयोजक आशा पाठक, दीपिका सिंह, अनुराधा भार्गव, आशुतोष पाण्डेय, सुशील कुमार, धीरेन्द्र सिंह,गीता को बनाया गया वहीं अनिल तिवारी,ममता पटेल, गोपेश यादव,राजन सिंह,मनोज कुमार यादव, अरविंद द्विवेदी,रितु ओबराय,प्रीति गुप्ता को सदस्य तथा प्रीति सिंह एवं अजय कुमार को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया।

जनपद के विद्यालयों में स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव आयोजन के दौरान छात्रों एवं शिक्षकों के साथ प्रार्थना सभा में भारत मात्रा के चित्र पर माल्यार्पण करके गांवों में तिरंगा झंडा के साथ झंडा गीत गाते हुए प्रभात फेरी निकाली जायेगी तथा विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें संबंधित गांव से आने वाले स्वतंत्रता सेनानी भूतपूर्व सैनिक के परिजनों को सम्मानित किया जायेगा और स्वतंत्रता के आंदोलन में योगदान करने वाले उन लाखों लोगों को याद किया जायेगा जिनका इतिहास के पन्नों में नाम दर्ज नहीं हो पाया। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के सफल आयोजन के लिए दिनांक 22 जुलाई 2022 को वाराणसी के लोहता स्थित माधव सेवा प्रकल्प में समीक्षा एवं प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें वाराणसी आजमगढ़ एवं विंध्याचल मंडल के सभी जिलों की आयोजन समितियों एवं पदाधिकारियों का प्रशिक्षण होना है जिसमें राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अखिल भारतीय पदाधिकारी महेंद्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह, प्रदेश महामंत्री ऋषिदेव त्रिपाठी तथा कार्यकारी अध्यक्ष मातादीन द्विवेदी की उपस्थिति रहेगी।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी।बैठक में उपायुक्त उद्योग/सदस्य सचिव द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर प्रदर्शित लम्बित आवेदन पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में विभागवार प्रगति के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गया, जिस पर अध्यक्ष/जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणो को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त उद्योग द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार परक योजनाओं यथा-प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना की प्रगति के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि बैंक शाखाओं से संपर्क कर यथाशीघ्र प्रगति कराते हुए लक्ष्य की पूर्ति समयबद्ध सुनिश्चित करायें। इसी क्रम में औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष अरविन्द पाठक द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में कूड़ा/नालों की सफाई न होने का मुद्दा उठाया गया, जिस पर अध्यक्ष/जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, खलीलाबाद को औद्योगिक क्षेत्र, खलीलाबाद के नालो की सफाई एवं कूड़ा हटाने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 में एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित उद्यमियों को उ0प्र0 सरकार द्वारा किये गये निवेश सापेक्ष प्रोत्साहन हेतु प्रशस्ति पत्र एवं सील्ड देकर सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया जिसके क्रम में जनपद के 12 निवेशकों को जिलाधिकारी के कर कमलो द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं सील्ड देकर सम्मनित किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा अवगत कराया गया कि आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम देशभर में गरिमामयी रूप से मनाया जा रहा जिसके क्रम में हर घर तिरंगा सप्ताह कार्यक्रम मनाये जाने हेतु शासन द्वारा निर्देश प्राप्त हुए है निर्देश के अनुरूप जनपद के प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीक के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से जनपद के सभी घरों, कार्यालयों, शैक्षणिक, व्यावसायिक, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों आदि में 11 अगस्त 2022 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतन्त्रता सप्ताह के दौरान राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक भारतीय राष्ट्रीय झण्डे को फहराये जाने हेतु सभी उद्यमियों/ व्यापारियों/उद्यमी संगठनों/व्यापारी संगठनों से हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है। जिलाधिकारी ने सभी उद्यमियों/ व्यापारियों/उद्यमी संगठनों/व्यापारी संगठनों से यह भी अपील किया है कि प्लास्टिक का झण्डा कदापि न प्रयोग किया जाए।

खादी के कपड़े एवं सूती कपड़े के बने झण्डे का ही प्रयोग करने की अपील की है।उन्होंने हर घर तिरंगा सप्ताह कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अनुरोध है कि भारतीय स्वाधीनता की 75वी वर्षगाठ के अति विशिष्ट अवसर पर मनाये जा रहे स्वतन्त्रता सप्ताह में अपनी सहभागिता के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, प्रशिक्षु सी0ओ0 दिपांशी राठौर, क्षेत्रीय प्रबन्धक यू0पी0सीडा गोरखपुर, सुभाष पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, अग्रणी जिला प्रबन्धक दिवाकर पाण्डेय, उपायुक्त वाणिज्य कर गुलामरब्बानी, ए0आई0जी0 स्टाम्प एम0पी0 मिश्रा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जे0पी0 तिवारी, अधिषाशी अधिकारीनगर पालिका सुरेश कुमार मौर्य, जिला बाट माप अधिकारी वी0पी0 वर्मा, जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा, जिला उद्यान अधिकारी,सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित उद्यमी संगठन के सुभाष शुक्ला, अरविन्द पाठक, एवं जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी गण एवं उद्यमीगण उपस्थित रहे।

श्री बूढ़ेनाथ मुक्ति आन्दोलन महंत डॉ योगानंद गिरी के आमरण अनशन के बाद जागा जिला प्रशासन

प्रखर मिजार्पुर। प्राचीन श्री बूढ़ेनाथ महादेव मन्दिर परिसर में हल्की बारिश के बाद अक्सर नाले का गंदा पानी मंदिर में चला जाता था जिससे आहत होकर महंत डॉ योगानंद गिरी ने मंदिर का कपाट बंद कर स्थानीय नागरिकों के साथ आमरण अनशन शुरू कर दिया महंत डॉ योगानंद गिरी ने आरोप लगाते हुए बताया कि विगत पांच वर्षों से थोड़ी बारिश में ही नाले के मल-मूत्र युक्त जल से भर जाता रहा है। जिसकी जानकारी शासन-प्रशासन को कई बार मौखिक व लिखित में मन्दिर व्यवस्थापक के द्वारा दिया गया। जिस पर हर वर्ष मात्र आश्वासन के अतिरिक्त कुछ नहीं मिला। त्रिलोकीनाथ का अभिषेक दूध-दही के स्थान पर मल-मूत्र युक्त गन्दे जल से होता रहा और नगर पालिका प्रशासन सनातनियों की सहनशीलता को उनकी कमजोरी समझ प्रसन्न होता रहा। लेकिन अब बस, मैं श्री बूढ़ेनाथ मन्दिर समिति का सेवक अष्ट कौशल महन्थ- श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा आज दिनांक 21 जुलाई 2022 गुरुवार से मन्दिर का पट बन्द कर आमरण अनशन करने जा रहा हूं। यह अनशन तब तक अनवरत जारी रहेगा जब तक

मन्दिर की समस्या का सरकार स्थाई समाधान नहीं करता। अनशन की जानकारी जिला प्रशासन को मिलते ही एडीएम शिव प्रकाश शुक्ला ने मौके पर जाकर अनशन कर रहे महंत से 24 घंटे के अंदर मामले का हल निकालने का आश्वासन देकर अनशन को खत्म कराया एडीएम के आश्वासन के बाद महंत डॉ योगानंद गिरी ने 24 घंटे के लिए अपना अनशन स्थगित कर दिया।

संक्षिप्त खबरें

कोटेदारों ने किया लखनऊ जवाहर भवन का घेराव : प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी

प्रखर लखनऊ। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश ईकाई द्वारा मार्केटिंग विभाग द्वारा पर्वतन कार्य की मांग के विरोध में प्रदेश के राशन डीलर आज खाद्य आयुक्त कार्यालय का घेराव किया। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने बताया। तिवारी जी ने बताया कि विपणन साखा की यह मांग उचित नहीं है।इसे हम कोटेदार कभी लागू नही होने देंगे। आपूर्ति विभाग व राशन डीलरो द्वारा इसका विरोध किया गया। महासचिव अशोक सिंह ने कहा कि मार्केटिंग विभाग शुरू से भष्ट है।इनके द्वारा आज कभी भी कोटेदारों को खाद्यान्न तौलकर नहीं दिया गया।यह खुद भष्ट है कि और यह लोग दुसरे को गलत कहते हैं। प्रदेश भर से रावेन्द्र मणि त्रिपाठी सुनील गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष मेरठ जिला अध्यक्ष बबिता जिन्दल राजेंद्र सिंह लक्ष्मी पाण्डेय संदीप मिश्रा अशोक कुमार राम लखन यादव एवं भारी संख्या में कोटेदार उपस्थित थे।

वाराणसी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने महामृत्युंजय मंदिर में कराया रुद्राभिषेक काशीवासियों के लिये की प्रार्थना

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महामृत्युंजय मंदिर में वाराणसी व्यापार मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा के नेतृत्व में वाराणसी महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनीता सोनी ने अपने पदाधिकारियों के साथ रुद्राभिषेक कराया और सभी देशवासी और काशीवासियों की लिए प्रार्थना की सब ऐसे ही हंसते मुस्कुराते आगे बढ़ते रहें अपने जीवन में सफल रहे जिसमें व्यापार मण्डल के सभी पदाधिकारी मौजूद थे` मुख्य रूप से ज्योति ,आरती, सुमन , सुनीता ,दिव्या मौर्य, ऐश्वर्या, सोनी, सीमा ,पूजा , गुंजन , रेखा , तूलिका , पूनम , राखी , अनीता , शालिनी , आशा , राजू सोनी, राकेश सोनी , राजेश , मंजू व्यास , सोनी , सीता साहू सहित इत्यादि लोग मौजूद रहे।

पास्को एक्ट के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर केराकत जौनपुर। पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन पर प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा के नेतृत्व में स्थानीय थाना पर पंजीकृत अन्य धाराओं समेत पास्को एक्ट में वांछित अभियुक्त राहुल प्रजापति पुत्र तूफानी प्रजापति निवासी नाऊपुर को गुरुवार की सुबह लगभग दस बजे नईबाजार नाऊपुर के पास से गिरफ्तार चालान कर न्यायालय भेजा।गिरफ्तार करने वाली टीम से प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा, उपनिरीक्षक संतोष यादव, हे0का मिथलेश सिंह, हे0का0 शिवचरण यादव मौजूद रहे।

ब्लाक प्रमुख मोहम्मदपुर ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, सड़क निर्माण जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। विकासखंड मोहम्मदपुर के ब्लाक प्रमुख विजय कुमार विश्वकर्मा ने जिलाधिकारी आजमगढ़ से मिलकर आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर मोहम्मदपुर व बिंद्रा बाजार में रोड पर बने विशालकाय गड्ढे जिसमें बरसात के दिनों में जलजमाव के कारण दुकानदारों से लेकर राहगीरों तक को काफी समस्या होती है। जिस पर भाजपा नेता पूर्व मंत्री डॉक्टर कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा मंडल आयुक्त से शिकायत किए थे उसके बाद ठेकेदार गिट्टी डालकर छोड़ दिए है। उसी संदर्भ में सड़क का निर्माण जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग किए हैं। ब्लाक प्रमुख ने जिला अधिकारी महोदय को यहां की स्थिति से अवगत कराया उन्होंने बताया कि बिंद्रा बाजार और मोहम्मदपुर ऐसी मजाल है जो आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर स्थित है और क्षेत्र की सैकड़ों गांव के लोगों का इन्हीं सड़कों से आवागमन होता है हालांकि यह पहले मुख्य मार्ग हुआ करती थी लेकिन अब यह मुख्य मार्ग नहीं है लेकिन आवागमन इसी पर होता है इसके पिछले वर्ष काफी दुर्दशा से गुजरा था और यहां के व्यापारी को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था रोजगार की समस्याओं से जूझने लगे थे इन सारी समस्याओं को देख कर के ब्लॉक प्रमुख विजय विश्वकर्मा ने जिलाधिकारी महोदय को इस से अवगत कराया और कहा कि जल्द से जल्द इस सड़क को बनवाए जिससे आवागमन चल सके।

सड़क हादसे में पिता की मौत: भाई बहन जख्मी, परिजनों में मचा कोहराम

प्रखर मिजार्पुर। मधुपुर जा रहे स्कूटी सवार की सड़क हादसे में मौत हो गयी। स्कूटी चला रहा भाई व पीछे बैठी बहन जख्मी हो गयी। घटना बुद्धवार दोपहर बाद की बेला जंगल मे हुयी।राहगीरों की सूचना पहुँची पुलिस घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले गयी। लालगंज थाना क्षेत्र के नेवढ़िया गांव निवासी नंदू चौहान 60वर्ष अपने पुत्र पंकज चौहान 19वर्ष व पुत्री सुमन देवी 30वर्ष के साथ तीनो स्कूटी पर सवार होकर मधुपुर स्थित एक सम्बन्धी के घर मातम में शरीक होने जा रहे थे। सिरसी मोड़ कोटवा से होते हुए बेला जंगल पहुँचे ही थे कि अपाचे बाइक सवार ने पीछे से धक्का मार दिया। स्कूटी सवार तीनो सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौका पाकर बाइक सवार अपाचे बाहन लेकर भाग निकला।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं